राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 56
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 25 जनवरी 2026
मूल्य : 2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा के युवराज को सिस्टम ने मारा, 7 जिम्मेदार
पेज 4 यूपी में सीएनजी और पीएनजी हुए सस्ते
पेज 6 पामेला कोंटी को भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम की

## संक्षिप्त खबरें

### बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बिंद्रा का 84 साल की उम्र में निधन

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बिंद्रा का रविवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 84 साल के थे। बिंद्रा 1993 से 1996 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा उन्होंने 1978 से 2014 तक पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन की कमान संभाली। 2015 में मोहाली स्थित पीसीए स्टेडियम का नाम बदलकर आईएस बिंद्रा स्टेडियम रखा गया। बिंद्रा को 1987 क्रिकेट वर्ल्ड कप के आयोजन में अहम भूमिका निभाने के लिए याद किया जाता है। उस समय इसे रिलायंस कप कहा गया था।


### हैदराबाद में फर्नीचर गोदाम में आग लगने की घटना में 5 मजदूरों की मौत

**हैदराबाद ।** तेलंगाना के हैदराबाद में नामपल्ली स्टेशन रोड पर शनिवार को फर्नीचर गोदाम में लगी आग में फंसे पांच लोगों के शव मिले हैं। तेलंगाना फायर एंड डिजास्टर रिस्पॉन्स के छत्र ने रविवार को बताया कि सभी शवों को उस्मानिया अस्पताल भेज दिया गया है। डीजी ने बताया कि ये सभी पीड़ित मजदूर थे जिन्हें नियमों के खिलाफ गोदाम के बेसमेंट में रहने की जगह दी गई थी। बेसमेंट में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामान भरा होने के कारण आग तेजी से फैली और बचाव में समय लगा। दुकान मालिक के खिलाफ फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन पर केस दर्ज करने के निर्देश दिए।



## हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू सुबह-सुबह अखबार पढ़ रहा था, जिसमें एक जगह लिखा था- 'पत्नी छोड़ो, झोला पकड़ो'!
यह पढ़कर पति का सिर चकरा गया...
फिर उसने दोबारा पढ़ा तो समझ आया, लिखा था - 'पन्नी छोड़ो, झोला पकड़ो'...!



## शायरी

दिल से निकलेगी न मर कर भी
वतन की उल्फ़त
मेरी मिट्टी से भी ख़ुशबू-ए-
वफ़ा आएगी

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,537.70
-769.66 (0.94%)
निफ्टी:
25,048.65
-241.25

## मौसम



अधिकतम : 18 डिग्री से0
न्यूनतम : 05 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 7 : 19
सूर्यास्त सोमवार : 5 : 57

# भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन

- राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं-बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर रिकॉर्ड बनाया
- देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी; भारत जल्द दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा

**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता और गौरव की भावना को मजबूत बनाता है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस साल गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने का उत्सव भी मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस का यह पवित्र दिन हमें देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर सोचने और समझने का मौका देता है। समय के साथ हमारे देश की हालत बदली है। भारत आजाद हुआ और हम खुद अपने देश के भविष्य को तय करने वाले बने।

उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेल-कूद में हमारी बेटियों ने रिकॉर्ड बनाए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति कानून से देश की महिलाएं और सशक्त होंगीं।

### भारत शांति का संदेशवाहक

वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और संघर्षों के बीच भारत दुनिया में शांति का संदेश फैला रहा है। भारतीय परंपरा में संपूर्ण विश्व में शांति की कामना निहित है और मानवता का भविष्य तभी सुरक्षित है जब पूरी दुनिया में शांति होगी। हमें गर्व है कि हम भारत भूमि पर जन्मे हैं। हमारे देश के लिए कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहा था- हे मेरे देश की मिट्टी, मैं तुम्हारे चरणों में अपना सिर झुकाता हूं।

### विकास में अलग-अलग सेक्टर की भूमिका

हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आतंरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारी देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों की दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं।

### नारी शक्ति पर

महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर

पिछले साल हमारे देश ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवाद के ठिकानों पर सटीक प्रहार किया। आतंक के अनेक ठिकानों को धवस्त किया गया।

बहुत से आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया गया। थल-सेना, वायुसेना और नौसेना की शक्ति के आधार पर हमारी सुरक्षा-क्षमता पर देशवासियों को पूरा भरोसा है।

### युवा शक्ति और मेरा युवा भारत पर

भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है। मेरा युवा भारत' (MY Bharat) तकनीक आधारित मंच युवाओं को नेतृत्व और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ता है। स्टार्ट-अप्स की सफलता मुख्य रूप से युवा उद्यमियों की बदौलत है और यही शक्ति भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाएगी।

### जीएसटी, श्रम सुधार पर

जीएसटी स्वतंत्रता के बाद आर्थिक एकीकरण का सबसे बड़ा निर्णय है, जिससे 'वन नेशन, वन मार्केट' की व्यवस्था स्थापित हुई। चार श्रम संहिताएं और विश्वस्तरीय अवसंरचना विकास उद्योग और रोजगार के लिए मील का पत्थर हैं।

### मतदाता दिवस पर

25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं।

बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है।

### पर्यावरण संरक्षण पर

पर्यावरण संरक्षण आज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। मुझे इस बात पर गर्व होता है कि पर्यावरण से जुड़े अनेक क्षेत्रों में भारत ने विश्व समुदाय का मार्गदर्शन किया है। प्रकृति के साथ समन्वित जीवन-शैली भारत की सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा रही है। यही जीवनशैली, विश्व समुदाय को दिए गए हमारे संदेश लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट यानी ख्रुस्नश्व का आधार है। हम ऐसे प्रयास करें जिनसे भावी पीढ़ियों के लिए धरती माता के अनमोल संसाधन उपलब्ध रह सकें।



# 'वायु प्रदूषण के कारण लोग चुका रहे भारी कीमत'

## राहुल गांधी ने लॉन्च की 'आवाज भारत की' वेबसाइट



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि लोग वायु प्रदूषण की भारी कीमत अपने स्वास्थ्य के साथ चुका रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपने अनुभव साझा करने की अपील की और कहा कि इस मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता या अगली सर्दियों तक नहीं टाला जा सकता।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर राहुल ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर लॉन्च किए गए ऑनलाइन प्लेटफार्म आवाज भारत की पर अपनी चिंताएं बताने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया।

### राहुल ने क्या कहा?

उन्होंने कहा, हम वायु प्रदूषण की भारी कीमत चुका रहे हैं- अपनी सेहत और अपनी आर्थिकी के साथ। करोड़ों आम भारतीय हर दिन यह बोझ सहते हैं। बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान हैं। रोजी-रोटी, खासकर निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूरों की जिंदगी पर बहुत बुरा असर पड़ा है।

राहुल ने कहा, 'इस मुश्किल को अगली सर्दियों तक नहीं भुलाया जा सकता। बदलाव की तरफ पहला कदम है अपनी आवाज उठाना। वायु प्रदूषण ने आपको या आपके अपनों को कैसे प्रभावित किया है, अपनी कहानी साझा करें। आपकी आवाज मायने रखती है और इसे उठाना मेरा फर्ज है।'

# सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठिया मार गिराया

**सांबा सेक्टर में बॉर्डर पार करने की कोशिश में था, कठुआ में एलओसी पर ड्रोन भी दिखा**



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सांबा में बीएसएफ ने रविवार देर रात पाकिस्तानी घुसपैठिया मार गिराया। सेना के सूत्रों के मुताबिक सांबा जिले में एलओसी पर सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश की जा रही थी, जिसे नाकाम किया गया। अब पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

इधर कठुआ जिले में भी एलओसी के पास पाकिस्तानी ड्रोन नजर आया। सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान नजर आया था। जवाबी कार्रवाई में एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिवेट किए गए हैं। 20 जनवरी को भी कठुआ में ही बॉर्डर के पास ड्रोन देखे गए थे।

पिछले 15 दिनों में बॉर्डर के पास 6 बार ड्रोन देखे जा चुके हैं। इससे पहले 17 जनवरी की शाम को लाइन ऑफ कंट्रोल से सटे रामगढ़ सेक्टर में भी ड्रोन देखा गया था। सेना की जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया था।

वहीं 15 जनवरी को भी रामगढ़ सेक्टर में एक बार, 13 जनवरी को राजौरी जिले में दो बार ड्रोन नजर आए थे। 11 जनवरी को नौशेरा सेक्टर, धरमसाल सेक्टर, रियासी, सांबा और पुंछ के मंकोट सेक्टर में एकसाथ पांच ड्रोन स्पॉट किए गए थे। सेना और सुरक्षा एजेंसियां हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

# कोलकाता में टीएमसी-भाजपा समर्थकों में झड़प

**भाजपा का आरोप- जनसभा का मंच फूंका; लाउडस्पीकर को लेकर हुआ विवाद**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के दक्षिण-पश्चिमी इलाके सारखेरबाजार में रविवार शाम तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हो गई।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक विवाद स्थानीय क्लब में तेज आवाज में माइक चलाने को लेकर शुरू हुआ।

भाजपा का आरोप है कि टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के मंच में आग लगा दी। इसी मंच पर त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब ने दिन में जनसभा को संबोधित किया था।

घटना के बाद आग बुझाने के लिए एक दमकल गाड़ी मौके पर भेजी गई। अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### टीएमसी विधायक बोलीं- क्लब के सदस्यों से हुई बदसलूकी

बेहाला पूरब से टीएमसी विधायक रत्ना चटर्जी ने कहा कि बैडमिंटन टूर्नामेंट के दौरान भाजपा समर्थकों ने क्लब के सदस्यों से बदसलूकी की।

उन्होंने कहा कि जिस तरह की हरकतें की जा रही हैं, उसके जवाब में तृणमूल कांग्रेस और सख्त रुख अपनाएगी।

**गणतंत्र दिवस**



आगरा के ताजमहल में महिलाएं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज धारण करके जश्न मनती हुई।

# स्टालिन बोले- तमिलनाडु में हिंदी के लिए कोई जगह नहीं

- इसे थोपने का हमेशा विरोध करेंगे, तमिल के लिए हमारा प्यार कभी नहीं मरेगा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम के स्टालिन ने तमिल भाषा शहीद दिवस पर रविवार को राज्य के भाषा शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यहां हिंदी के लिए कभी भी कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा कि हम इसे थोपने का हमेशा विरोध करेंगे। तमिल भाषा के लिए हमारा प्यार कभी नहीं मरेगा। स्टालिन ने कहा कि जब भी हिंदी को हम पर थोपा गया, इसका उसी तेजी से विरोध भी किया गया।

सीएम ने कहा कि मैं उन शहीदों को कृतज्ञतापूर्वक सम्मान देता हूं जिन्होंने तमिल के लिए अपनी कीमती जान दे दी। भाषा युद्ध में अब और कोई जान नहीं जाएगी।

# लाल किला आतंकी हमले के साजिशकर्ता मुजफ्फर राथर की तलाश तेज, जांच एजेंसियों ने इंटरपोल से मांगी मदद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सफेदपोश आतंकी नेटवर्क से जुड़े और लाल किले के धमाके के साजिशकर्ताओं में शामिल डा. मुजफ्फर राथर की गिरफ्तारी के लिए जांच एजेंसियों ने इंटरपोल से मदद मांगी है। बहुत जल्द राथर के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी हो सकता है।

पेशे से बाल रोग विशेषज्ञ डा. राथर पर 10 नवंबर को लाल किला आतंकी हमले के लिए अफगानिस्तान से फंडिंग और हमले में शामिल लोगों को अन्य सहयोग उपलब्ध करवाने का आरोप है।

अधिकारियों ने कहा कि सफेद कालर आतंकियों से पूछताछ से पता चला है कि राथर ने आतंकवादी माड्यूल के लिए फंड जुटाने में सहायता की और लगभग छह लाख रुपये का योगदान दिया।

मूल रूप से दक्षिण कश्मीर का रहने वाला डा. मुजफ्फर सहारनपुर से पकड़े गए डा. अदील राथर का भाई है और माना जा रहा है कि वह इस समय कहीं अफगानिस्तान में छिपा हुआ है। उसे एनआइए की अदालत पहले से फरार अपराधी घोषित कर चुकी है।

अधिकारियों के अनुसार राथर ने आत्मघाती आतंकी डा. उमर-उन-नबी के लिए लाजिस्टिक्स, फंडिंग के साथ षड्यंत्र में भी शामिल रहा। अधिकारियों का आरोप है कि राथर ने भारत छोड़ने के बाद विदेश से पूरी साजिश को अंजाम दिया था।

**बड़ी सफलता** — अमोनियम नाइट्रेट खेत में रखा था, 1 अरेस्ट; दिल्ली ब्लास्ट में इसी का इस्तेमाल हुआ था

# राजस्थान में 26 जनवरी से पहले 9500 किलो विस्फोटक पकड़ा

नागौर। राजस्थान के नागौर में पुलिस ने 26 जनवरी से पहले एक खेत से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है।

थांवला थाना इलाके के हरसौर गांव में शनिवार रात पुलिस ने दबिश दी। यहां 187 कट्टों (बोरियों) में 9,550 किलो अमोनियम नाइट्रेट रखा मिला।

नागौर एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि मौके से सुलेमान खान (50) को गिरफ्तार किया गया है। वह हरसौर का रहने वाला है और उस पर पहले से 3 केस दर्ज हैं।

दरअसल अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट में भी किया गया था। इससे एक दिन पहले, 9 नवंबर को आतंकी मॉड्यूल से जुड़ी छापेमारी में करीब 3 हजार किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया था।

### केंद्रीय एजेंसियां भी करेंगी पूछताछ

एसपी ने बताया कि अभी तक की पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी वैध-अवैध माइनिंग करने वालों को विस्फोटक बेचता था। हालांकि विस्फोटक मिलने की सूचना केंद्रीय एजेंसियों को भी दी गई है। वे भी सुलेमान से आकर पूछताछ करेंगी।

### डेटोनेटर और फ्यूज वायर भी मिले

एसपी ने बताया मौके से करीब 9550 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया है, जिसे 187 कट्टों में भरकर रखा गया था। बरामद किए गए सामान में अमोनियम नाइट्रेट के अलावा भारी मात्रा में डेटोनेर और फ्यूज वायर भी शामिल हैं।

पुलिस ने मौके से 9 कार्टून डेटोनेटर, 12 कार्टून और 15 बंडल नीली बत्ती वायर, 12 कार्टून और 5 बंडल लाल बत्ती वायर जब्त किए हैं। फिलहाल पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।



### दिल्ली में भी अमोनियम नाइट्रेट से धमाका किया गया था

दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर 2025 को हुए बम धमाके में अमोनियम नाइट्रेट से बने बम का इस्तेमाल किया गया था। इसमें 15 लोगों की मौत हुई थी। इससे पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद के धौज गांव में 9 नवंबर को पुलवामा के रहने वाले डॉ. मुज्जमिल शकील के घर छापा मारा।

# बिहार : रोहतास में 2 प्रॉपर्टी डीलर्स की गोली मारकर हत्या

**पंचायत के दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग, दोनों की बॉडी में 12 गोलियों के निशान**




**सासाराम, रोहतास।** रोहतास में रविवार को जमीन विवाद में 2 प्रॉपर्टी डीलर्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पंचायत के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

इसमें उचैला गांव के 45 साल के रुपेश सिंह और तिलौथू गांव के विनय प्रजापति की मौत हो गई। मामला सासाराम मुफस्सिल थाने के डुमरिया गांव का है। दोनों की बॉडी में 12 गोलियों के निशान मिले हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, डुमरिया गांव में जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच पंचायत चल रही थी। इसी दौरान बहस अचानक उग्र हो गई और एक पक्ष ने हथियार निकालकर दूसरे पक्ष के दो लोगों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई।

पुलिस जांच में सामने आया है कि रूपेश सिंह के शरीर में 5 और विनय प्रजापति के शरीर में 7 गोलियों के निशान मिले हैं।

# संपादकीय

## एसआईटी की जांच : नोएडा के युवराज को सिस्टम ने मारा

16 जनवरी 2026 की उस काली रात को कौन भूल सकता है, जब ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की कार एक गहरे, पानी से भरे निर्माण गड्ढे में गिर गई। घने कोहरे के बीच कार दीवार तोड़कर 30-70 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी, जहां कोई बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड या लाइट नहीं थी। युवराज कार की छत पर चढ़कर डेढ़-दो घंटे तक मदद के लिए चिल्लाता रहा, टॉर्च जलाकर सिग्नल देता रहा, लेकिन सिस्टम की पूरी विफलता ने उसे ठंडे पानी में तड़पते-तड़पते डूबने दिया। पोस्टमॉर्टम में asphyxia due to drowning और cardiac arrest कारण बताया गया। उसके पिता राज कुमार मेहता का दर्द आज भी वही है—मेरा बेटा हादसे में नहीं, सिस्टम की लापरवाही से मारा गया।

जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

घटना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया, जिसकी अगुवाई भानु भास्कर ने की। एसआईटी ने पुलिस, NDRF, SDRF, फायर ब्रिगेड, नोएडा अथॉरिटी, सिंचाई विभाग और बिल्डरों से पूछताछ की। 100 से ज्यादा अधिकारियों से 8 घंटे तक सवाल-जवाब हुए। जांच रिपोर्ट में साफ कहा गया कि यह कोई फ्रीक एक्सीडेंट नहीं था, बल्कि इंस्टीट्यूशनल फेलियर—एक साथ कई सिस्टम फेल हो गए : रोड सेफ्टी, ड्रेनेज, डिजास्टर रेस्पॉन्स और कमांड कंट्रोल। एसआईटी के निष्कर्ष चौंकाने वाले हैं—अगर इनमें से सिर्फ एक सिस्टम ठीक काम करता, तो युवराज बच सकता था।

रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि 2015 में ही यूपी सिंचाई विभाग ने इस क्षेत्र में ड्रेनेज और सुरक्षा प्रस्ताव दिया था, लेकिन फाइलें दब गईं। निर्माण कंपनी ने गड्ढे को बिना सुरक्षा के छोड़ दिया। नोएडा अथॉरिटी के जूनियर इंजीनियर, ट्रैफिक इंस्पेक्टर और वर्क इंस्पेक्टर पर लापरवाही साबित हुई। पुलिस 9 मिनट में पहुंची, लेकिन फायर ब्रिगेड को 45 मिनट, SDRF को 71 मिनट और NDRF को दो घंटे लगे। रेस्क्यू में कोऑर्डिनेशन जीरो था—उपकरणों की कमी, संचार की कमी और देरी। एसआईटी ने सवाल उठाया—2 घंटे तक युवराज पुकारता रहा, फिर भी क्यों नहीं निकाला गया?

एसआईटी ने 7 विभागों/अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया- नोएडा अथॉरिटी, पुलिस, फायर विभाग, ट्रैफिक विभाग, जल-निकासी विभाग, SDRF और निर्माण एजेंसी। दो बिल्डरों को पहले गिरफ्तार किया गया था, बाद में दो और गिरफ्तारियां हुईं। नोएडा सीईओ हटाए गए। रिपोर्ट में 22 से ज्यादा सवाल उठाए गए, जिनमें नोएडा अथॉरिटी के 60 पन्नों के जवाब से एसआईटी संतुष्ट नहीं हुई। जांच में सामने आया कि पहले भी ऐसे गड्ढों में ट्रक गिर चुके थे, लेकिन कोई सबक नहीं लिया गया।

यह केस स्मार्ट सिटी नोएडा की कड़वी हकीकत उजागर करता है। तेज निर्माण के चक्कर में बेसिक सुरक्षा उपायों की अनदेखी आम है। खुले गड्ढे, बिना बैरिकेडिंग वाली सड़कें, कोहरे में विजिबिलिटी के बिना काम—ये मौत के जाल हैं। सोशल मीडिया पर #YuvrajMehta और #SystemNeMaara ट्रेंड कर रहे हैं। लोग कह रहे हैं—यह systematic murder है, जहां जिम्मेदारी किसी की नहीं होती।

एसआईटी की जांच से सबक स्पष्ट हैं। पहला, निर्माण साइट्स पर सख्त नियम—हर गड्ढे पर बैरिकेड, लाइट, बोर्ड अनिवार्य। दूसरा, इमरजेंसी रेस्पॉन्स सिस्टम मजबूत हो—रीयल-टाइम कोऑर्डिनेशन, बेहतर उपकरण। तीसरा, पुराने प्रस्तावों को अमल में लाया जाए। चौथा, लापरवाही पर तत्काल सजा और जवाबदेही। NGT ने भी सु मोटो केस लिया है।

युवराज की मौत एक परिवार का दर्द नहीं, पूरे समाज के लिए चेतावनी है। एसआईटी ने सिस्टम की पोल खोल दी, लेकिन असली बदलाव तभी आएगा जब कार्रवाई हो। सरकार ने रिपोर्ट मांगी, लेकिन रिपोर्ट से आगे जाकर सुधार जरूरी है। युवराज को इंसाफ मिले, सिस्टम सुधरे—क्योंकि अगला शिकार कोई भी हो सकता है। जब तक सिस्टम जवाबदेह नहीं बनेगा, ऐसे हादसे जारी रहेंगे।

## प्रदूषण बनाम टैरिफ

दावोस में हाल ही में संपन्न वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भारतीय अर्थव्यवस्था की चर्चा के दौरान यह बात शिद्दत से उठी कि भारत पर ट्रंप के टैरिफ के मुकाबले प्रदूषण ज्यादा घातक असर दिखा रहा है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर और आईएमएफ की पूर्व डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने इकोनॉमिक फोरम में चर्चा के दौरान कहा कि व्यापार बढ़ाने की कवायद में अकसर व्यापारिक बाधाओं और नियमों की बात की जाती है, लेकिन आर्थिक तरक्की में बाधक प्रदूषण जैसे घटकों की चर्चा कम ही होती है। चर्चा में भारत में प्रदूषण की भयावहता का जिक्र करते हुए कहा गया कि भारत पर ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के मुकाबले प्रदूषण का असर ज्यादा घातक व दूरगामी है। फोरम में साल 2022 में विश्व बैंक के एक अध्ययन का हवाला दिया गया कि भारत में हर साल सत्रह लाख लोगों की मौत प्रदूषण से हो जाती है। ये आंकड़ा भारत में मरने वालों का अट्ठारह फीसदी बैठता है। जो कहीं न कहीं आर्थिक गतिविधियों को बाधित करने के साथ ही बहुमूल्य जीवन भी लीलता है। कमोबेश यह घातकता जीडीपी पर भी असर डालती है। निस्संदेह, प्रदूषण से होने वाली मौतों से केवल एक परिवार ही नहीं, पूरे देश पर प्रभाव पड़ता है। देश की श्रम शक्ति का ह्रास होता है और आर्थिकी पर दूरगामी प्रभाव होते हैं। वहीं आर्थिकी पर चर्चा के दौरान यह मुद्दा भी उठा कि प्रदूषण के चलते निवेशकों के भरोसे पर भी दुष्प्रभाव होता है। इससे निवेशकों का आकर्षण कम होता है। निस्संदेह, निवेशक के मन में भय होता है कि यदि वह इसी प्रदूषित वातावरण में रहता है तो यह उसके लिये यह घातक हो सकता है। इसमें दो राय नहीं कि प्रदूषण की भयावह स्थिति दुनिया में किसी भी देश की छवि को नुकसान जरूर पहुंचाती है। जिससे निवेशक बेहतर विकल्प की तलाश में अन्य देशों का रुख कर सकते हैं। ऐसे में प्रदूषण के संकट को युद्धस्तर पर निपटाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

निस्संदेह, भारत में प्रदूषण का संकट एक यथार्थ है। यह भी हकीकत है कि देश के नीति-नियंता प्रदूषण संकट के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आते। जब-जब प्रदूषण संकट गहराता है तो आग लगने पर कुआं खोदने की कवायद की जाती है। कोर्ट की फटकार व नियामक एजेंसियों की सख्ती के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आता है। लेकिन गीता गोपीनाथ के तर्कों के कुछ अर्धसत्य भी हैं। इसमें दो राय नहीं कि अमेरिका के इशारे पर काम करने वाली वैश्विक एजेंसियां विकासशील देशों को लेकर अपनी सुविधा के हिसाब से प्रतीक-प्रतिमान गढ़ती रही हैं। आईएमएफ जैसी संस्थाओं को अमेरिकी कूटनीति के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। यहां तक कि इन संस्थाओं में उच्च पदों पर बैठे भारतीय अधिकारी भी अमेरिका के सुरों में गाते नजर आते हैं। सवाल गोपीनाथ के बयान के समय का भी है जब अमेरिका न केवल भारत पर अन्यायपूर्ण टैरिफ लगा रहा है बल्कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते को भी अपनी शर्तों के अनुरूप अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। बहरहाल, इसके बावजूद यह एक हकीकत है कि हमारे देश में प्रदूषण संकट बड़ा है, जिसे देश के नीति-नियंता गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिसके चलते करोड़ों भारतीयों को अपनी जमा-पूंजी अपने व परिवार के उपचार में खर्च करनी पड़ती है। निस्संदेह, प्रदूषण के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कानूनों को सरल बनाने की भी जरूरत है ताकि उन पर अमल आसानी से हो सके। इसके अलावा लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि देश की आबोहवा सुधारने के लिये उन्हें भी कुछ त्याग करने होंगे।

# सनातन, संत, सत्ता और संग्राम

तनवीर जाफ़री



गत दिनों मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में उस समय के एक अजीब स्थिति पैदा हो गयी जबकि माघ मेला में मेला प्रशासन व पुलिस द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से रोका गया ? मेला प्रशासन के अनुसार सुरक्षा कारणों से उनके वाहन (पालकी) को रोका गया और स्नान हेतु पैदल जाने को कहा गया।

परन्तु शंकराचार्य जी ने इस प्रशासनिक निर्देश को प्रोटोकॉल का उल्लंघन मानते हुए अस्वीकार कर दिया। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त ब्यौरे के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मौनी अमावस्या के दिन अपनी पालकी पर सवार होकर अपने सैकड़ों भक्तों व अनुयायियों के साथ संगम नोज़ की तरफ़ बढ़ रहे थे। उसी समय मेला प्राधिकरण की ओर से तैनात पुलिस ने भारी भीड़ बताकर उनकी पालकी को रोक दिया और शंकराचार्य जी से सीमित अनुयायियों के साथ पैदल स्नान स्थल तक पहुँचने व स्नान करने का अनुरोध किया। परन्तु शंकराचार्य ने पूरे सम्मान और प्रोटोकॉल की मांग की, जो अस्वीकार होने पर उन्होंने स्नान नहीं किया और अनशन पर बैठ गए। इस संबंध में मेला व पुलिस प्रशासन का पक्ष है कि शंकराचार्य को स्नान से नहीं, बल्कि वाहन से स्नान लिये जाने से रोका गया था और सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के लिए यह ज़रूरी भी था।

परन्तु शंकराचार्य जी व उनके शिष्यों द्वारा जो आरोप लगाये गये हैं वे बेहद गंभीर हैं। कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा शंकराचार्य जी महाराज के शिष्यों की चोटी (शिखा) को पकड़कर घसीटा गया,उन्हें बुरी तरह पीटा गया व अपमानित किया गया। इस घटना को केवल एक कृत्य या हिंसा नहीं, बल्कि इसे सुनियोजित सांस्कृतिक अपमान बताया जा रहा है।

क्योंकि यह सब उस समय हुआ जब शंकराचार्य, साधु,संत, शिष्य और श्रद्धालु किसी विरोध या प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और ईश्वर आराधना के लिए संगम घाट पर आए थे।

लिहाज़ा क्या वजह है कि सनातन धर्म व संतों की रक्षा व इसके मान सम्मान की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार के शासन काल में शंकराचार्य स्तर के सम्मानित संतों व उनके गुरुकुल के शिष्यों का धर्म क्षेत्र प्रयागराज में इस तरह अपमान किया गया ?

इस घटना के फ़ौरन बाद जिस तरह 19 जनवरी को प्रशासन ने एक नोटिस चिपका कर 24 घंटे में शंकराचार्य जी से यह बताने को कहा गया कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य कैसे हैं ?

गोया शंकराचार्य को स्नान से रोके जाने की बात यहां तक जा पहुंची कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य हैं या नहीं ? शंकराचार्य कैसे बनते हैं और कौन बना सकता है ? क्या सरकार तय करेगी कि कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं ? यानी भीड़ को बहाना बनाकर शंकराचार्य की पालकी को रोकना उनके अनुयायियों से मारपीट करना व उन्हें अपमानित करना फिर उसके बाद उनकी शंकराचार्य की पदवी को ही चुनौती देने का अर्थ है कि उन्हें किसी पूर्वाग्रह के चलते ही रोका गया। साथ ही जिसतरह कई संत सरकार की भाषा बोलते व सरकार का पक्ष लेते दिखाई दिये उससे भी साफ़ हो गया कि उन्हें रोकना व अपमानित करना न केवल सत्ता के अहंकार का एक उदाहरण है बल्कि इसके पीछे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विरुद्ध सत्ता का पूर्वाग्रह भी नज़र आता है।

हालाँकि देश का अधिकांश संत समाज अविमुक्तेश्वरानंद जी व उनके शिष्यों व अनुयायियों के साथ हुये दुर्व्यवहार व अपमान से आहत नज़र आया। इस घटना के बाद जिस तरह देश के कोने कोने से शंकराचार्य के अनुयायी व अनेक संत संगम तट पर इकठ्ठा होने शुरू किया इससे भी सरकार की काफ़ी फ़ज़ीहत हुई है।

यदि आप शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विगत कुछ वर्षों की सक्रियता व उनकी कारगुज़ारियों पर नज़र डालें तो हम यह देखेंगे कि वे बे हिचक और बिना लाग लपेट के और बिना सत्ता की परवाह किये अपनी बात कहने वाले संत हैं।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जनवरी 2024 में अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करते हुये कहा था कि उस समय चूँकि मंदिर का शिखर, कलश और ध्वज स्थापित नहीं थे लिहाज़ा अधूरे मंदिर में प्रतिष्ठा करने से मूर्ति में आसुरी शक्ति प्रवेश कर सकती है, जो शास्त्रों के विरुद्ध है। इसी तरह उन्होंने नवंबर 2025 में भी ध्वजारोहण पर यह कहते हुये सवाल उठाए थे कि शास्त्रों में ध्वजारोहण का उल्लेख नहीं है, बल्कि शिखर प्रतिष्ठा होती है, जो अभी बाक़ी थी।

उन्होंने इस आयोजन को मनमाना और शास्त्र-विरोधी भी बताया था तथा शंकराचार्यों को न बुलाने पर भी नाराज़गी जताई थी। शंकराचार्य ने प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ के लिये भी योगी आदित्यनाथ सरकार की कड़ी आलोचना की थी।

उस वक़्त उन्होंने कहा था कि सरकारी प्रबंधों के दावों की पोल खुल गई है और राज्य सरकार को ख़ुद ही हट जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा था कि %महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का दावा करने वाली सरकार को व्यापक तैयारी करनी चाहिए थी, लेकिन भगदड़ ने सरकार की नाकामी उजागर कर दी।

इसी तरह शंकराचार्य जी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास कार्यों के नाम पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने का कड़ा विरोध किया था।


उन्होंने गोविंदेश्वर महादेव मंदिर को तोड़े जाने पर धरना दिया था और प्रशासन पर शिवलिंग ग़ायब करने का आरोप लगाया था । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने इसे हिंदू धार्मिक परंपराओं के ख़िलाफ़ बताया था और कहा था कि विकास के नाम पर मंदिर नष्ट नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने स्कंद पुराण में उल्लिखित मंदिरों का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन किया और धर्म संसद भी बुलाई थी।

इसी तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलोग्राम सोने के ग़ायब होने की मीडिया में प्रसारित ख़बरों पर प्रतिक्रिया करते हुये इसे %सोना घोटाला% क़रार दिया था। उन्होंने दिल्ली में केदारनाथ मंदिर के निर्माण पर भी सवाल उठाते हुये कहा था कि हिमालय में स्थित मंदिर को दिल्ली में नहीं बनाया जा सकता। गोहत्या के विरुद्ध हमेशा मुखर व आंदोलित रहने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौ हत्या मामले में पूर्व मंत्री मुख़्तार अब्बास नक़वी और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू की तुलना करते हुए भाजपा के घोर आंतरिक विरोधाभास पर टिप्पणी की थी।

उन्होंने कहा था कि नक़वी ने गोमांस खाने वालों को पाकिस्तान जाने की सलाह दी थी तो ऐसे व्यक्ति को मंत्री पद से हटा दिया गया जबकि किरण रिजिजू ने गोमांस खाने वालों का समर्थन करते हुए कहा था कि वे ख़ुद भी बीफ़ खाते हैं और कोई उन्हें रोक नहीं सकता। ऐसा व्यक्ति (किरण रिजिजू) प्रधानमंत्री के पीछे बैठा दिखाई देता है । हिंदू भावनाओं के साथ खिलवाड़ व भाजपा की दोहरी नीति का उदाहरण बताते हुए उन्होंने गौ रक्षा के प्रति पार्टी की गंभीरता पर सवाल उठाए थे । ऐसे और भी कई उदाहरण हैं जिनसे यह पता चलता है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का अनेक धार्मिक मुद्दों पर मुखरित होकर बोलना उस सत्ता को रास नहीं आता जो अपने विरुद्ध की जाने वाली किसी भी आलोचना या टीका टिप्पणी को सहन नहीं कर पाती। शायद यही वजह है कि सनातन की रक्षा का दवा करने वाली सत्ता और सनातन के वास्तविक ध्वजवाहक संतों के मध्य कभी कभी संग्राम जैसी स्थिति पैदा हो जाती है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3782




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3781 का हल



## हंसी के फूव्वारें

राज (हरीश से), "सुनाओ दोस्त क्या हाल है?"

हरीश, "बहुत बुरा हाल है. सब साथ छोड़ गए है एक बीवी थी वह भी कटी पतंग की तरह आसमान में कहीं उड़ती फिरती है, तुम अपना हाल सुनाओ."

राज, "मैं तो बड़े मजे में हूं. आजकल कटी पतंगें लूटना ही मेरा काम है, आराम से गुजर रही है."

□ □ □

एक मशहूर क्रिकेटर का विवाह हुआ. विवाह के कुछ दिन उपरांत वह अपनी ससुराल गया तो उलकी साली शोखी से बोली, "जीजा जी, दीदी कैसी लगी?"

क्रिकेटर बड़ी गंभीर आवाज में बोला, "मीडियम फास्ट."

□ □ □

विजय लक्ष्मी (शारदा से), "मेरी बेटी का संगीत अभ्यास मेरे लिए बहुत भाग्यशाली साबित हुआ?" शारदा, "वह कैसे."

विजय लक्ष्मी, "मेरा पड़ोसी इसी कारण अपना मकान आधे दामों पर बेच गया और मैंने खरीद लिया."

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3782



### बायें से दायें:-

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंन्द्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

### ऊपर से नीचे:-

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3781



## सूडोकु -3782

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3781 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3782



### बाएँ से दाएँ

1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

### ऊपर से नीचे

1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

### शब्द पहेली - 3781 का हल



# नोएडा के युवराज को सिस्टम ने मारा, 7 जिम्मेदार

**16 जनवरी को नाले में डूब गए थे; एसआईटी का सवाल- 2 घंटे तक क्यों नहीं निकाला**

**नोएडा।** नोएडा में 16 जनवरी की रात सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। शासन की ओर से घटना को लेकर विशेष जांच दल ठित किया गया। एसआईटी ने 22 से ज्यादा सवाल प्राधिकरण समेत तीन विभागों से पूछे।

नोएडा प्राधिकरण ने अपनी 150 पन्नों की, जबकि पुलिस विभाग ने 450 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी है। एसआईटी का सवाल रहा कि रेस्क्यू में 2 घंटे की देरी क्यों हुई? इसका जवाब अधिकारियों को देते नहीं बना। इन रिपोर्ट को लेकर एसआईटी टीम मेरठ रवाना हो गई।

सोर्सेज की मानें तो नोएडा में युवराज मेहता की मौत का मामला एक हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम के फेल्योर की तरह सामने आया है। ये फैक्ट पुलिस और नोएडा प्राधिकरण की रिपोर्ट में सामने आ गया है।

एसआईटी रिपोर्ट का एनालिसिस करने के बाद इसे सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंपेगी। इन रिपोर्ट में कुछ खास चेहरों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

नोएडा शहर के रखरखाव की जिम्मेदारी प्राधिकरण के सीईओ की होती है। प्लॉट के पास हादसा होने के बावजूद अधीनस्थ अधिकारियों से जवाब-तलब नहीं किया गया। फाइल अप्रूव होने के बाद रोड के कट पर काम आगे नहीं बढ़ाया गया। इसका फालोअप करना सीईओ की जिम्मेदारी है।

यही वजह है कि जूनियर इंजीनियर को हटाने के बाद पहला बड़ा एक्शन सीईओ लोकेश एम. पर



लिया गया। उनको पद से हटाकर वेटिंग लिस्ट में रखा गया है। स्छ्ङ्ग की रिपोर्ट के बाद आगे का एक्शन होगा।

नोएडा डीएम मेधा रूपम जिले की डिजास्टर मैनेजमेंट हेड हैं। हेड होने के बाद भी कोई विभागीय एक्शन नहीं लिया। वो हादसे के बाद चौथे दिन एसआईटी के साथ मौके पर पहुंचीं। युवराज के परिवार से बात तक नहीं की। जबकि घटना से एक दिन पहले ही उन्होंने आपदा प्रबंधन के साथ बैठक की थी।

युवराज की कार पानी में डूबने के दौरान रेस्क्यू के लिए पुलिस के बाद अग्निशमन की टीम ही मौके पर पहुंची थी। कर्मचारियों ने कहा कि हमें तैरना नहीं आता, हमारे पास उपकरण भी नहीं हैं। चीफ फायर ऑफिसर होने के नाते मौके पर भी नहीं पहुंचे, न ही किसी कर्मी को गाइड किया।

हादसे के बाद सबसे पहले पुलिस कट के स्पॉट पर पहुंची थी। डायल-112 का रिस्पॉन्स टाइम विजिबिलिटी के अनुसार सही था, लेकिन एसएचओ सर्वेश सिंह मौके पर नहीं पहुंचे। न ही अधिकारियों को अपनी तरफ से रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी दी। एसआईटी ने इनसे ये भी पूछा कि आपने एनडीआरएफ को भी समय पर जानकारी क्यों नहीं दी।

युवराज मेहता की मौत के मामले में जिन बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, उनमें अभय कुमार, संजय कुमार, मनीष कुमार, अचल वोहरा और निर्मल कुमार शामिल हैं।

अब तक 4 बिल्डरों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, जिस प्लॉट में पानी भरा था और हादसा हुआ, वो अभय कुमार का है, जो कि बिज टाउन प्लानर के नाम पर रजिस्टर्ड है। बेसमेंट पर गड्ढा इन्होंने ही खुदवाया और खाली छोड़ दिया। अब यहां पानी भरा था, इसकी वजह से कार गिरने के बाद भी युवराज बाहर सुरक्षित नहीं निकल सका।

नोएडा ट्रैफिक सेल के जीएम एसपी सिंह का पूरे हादसे में सबसे अहम किरदार है। एनटीसी की जिम्मेदारी ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करके वहां पर रिफ्लेक्टर, साइन बोर्ड, डिवाइडर और सुरक्षा मानकों को पूरा करना एसपी सिंह का काम था, जो नहीं किया।

जल सीवर जीएम आरपी सिंह का काम नोएडा की ड्रेनेज में ये देखना है कि सीवर का पानी तो कहीं नहीं भर रहा है। इस प्लॉट में करीब 12 सोसाइटी के 10 हजार से ज्यादा लोगों के सीवर का पानी पहुंच रहा था। माध्यम बनी थी टूटी हुई ड्रेनेज लाइन। 2023 में सिचाई विभाग को यहां हेड रेगुलेटर बनाना था, इसका फॉलोअप भी नहीं किया गया।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में गार्ड पर जानलेवा हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित सुपरटेक अपकंट्री सोसायटी में एक गार्ड पर जानलेवा हमला किया गया है। सोसायटी में जबरन घुसने से रोकने पर दो युवकों ने गार्ड को डंडों से पीटा। घायल गार्ड का पास के एक अस्पताल में इलाज जारी है। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार, यह घटना शनिवार रात की है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मुतैना गांव निवासी मोहित कुमार ने बताया कि वह सोसायटी में सुपरवाइजर हैं। शनिवार रात उनका गार्ड बिट्टू कुमार सोसायटी के मुख्य गेट पर ड्यूटी पर था। इसी दौरान स्कूटी पर सवार होकर दो युवक वहां आए और सोसायटी में जबरन घुसने का प्रयास करने लगे। गार्ड बिट्टू कुमार ने जब उनसे सोसायटी में रहने की आईडी दिखाने को कहा, तो आरोपी गुस्सा हो गए और डंडों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गार्ड के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। सोसायटी के लोगों को आता देख आरोपी गार्ड को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

### ग्रेनो के तीन सेक्टरों में नर्सरी विकसित करेगा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा को और अधिक हरा- भरा बनाने के लिए शहर के तीन सेक्टरों में नर्सरी विकसित की जाएगी। इसके लिए जगह चिन्हित कर प्राधिकरण ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया है। इच्छुक एजेंसियों से चार फरवरी तक प्रस्ताव मांगे गए हैं। इससे हरियाली के साथ प्राधिकरण की आमदनी भी बढ़ेगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक शहर में हरियाली बढ़ाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए हरित क्षेत्र में पौधरोपण के साथ नर्सरी की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। इसके तहत सेक्टर अल्फा-1 के जी ब्लॉक में 15,769 वर्गमीटर क्षेत्रफल में नर्सरी स्थापित की जाएगी। इसके लिए आरक्षित मूल्य 7.75 लाख रुपये तय किया गया है।वहीं, सेक्टर अल्फा-2 के जी ब्लॉक में 23,785 वर्ग मीटर क्षेत्र में नर्सरी शुरू करने की योजना है, जिसका आरक्षित मूल्य करीब 11.75 लाख रुपये रखा गया है। इसके अलावा सेक्टर टेकजोन-4 में 6,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में भी नर्सरी विकसित की जाएगी।

### ट्रक से टकराई कार, तीन घायल

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर ओवरटेक लेन में खड़े ट्रक से कार टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन युवक घायल हो गए। कार मालिक ने ट्रक चालक के खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है। घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। थाने में दी शिकायत में हरियाणा के झज्जर गांव निवासी गौरव ने बताया कि इसी माह की नौ तारीख को वह साथी विशाल और रवि के साथ कार से घर जा रहे थे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर परी चौक से दिल्ली की ओर चले।एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र में मार्ग पर ओवरटेक लेन में पंजाब नंबर का ट्रक खड़ा था। उनकी कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीनों दोस्त घायल को गए। टक्कर से कार के आगे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों ने तीनों घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। अस्पताल से छुट्टी मिलने पर गौरव ने मामले की शिकायत पुलिस से की। गौरव का कहना है कि एक्सप्रेसवे पर गलत तरीके से ट्रक खड़ा करने के कारण ही हादसा हुआ।

### फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर तीन के खिलाफ केस

**ग्रेटर नोएडा।** गैंग्स्टर के आरोपी की जमानत में वाहन के फर्जी कागज प्रस्तुत कर अदालत को गुमराह करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। जमानत में प्रस्तुत वाहन के कागजात का एआरटीओ कार्यालय से सत्यापन कराने पर जालसाजी सामने आई है। जानकारी के अनुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, तृतीय अदालत की अदालत गैंग्स्टर एक्ट के आरोपित उमरदराज की जमानत होनी थी। उनके जमानती दिल्ली की आरपीएस कालोनी निवासी जगमोहन गुप्ता ने जमानत के तौर पर दो पहिया वाहन के कागजात प्रस्तुत किए थे। कोर्ट ने दिल्ली स्थित आरटीओ कार्यालय से वाहन के कागजात की जांच कराई तो फर्जी होने की जानकारी हुई।मामले को न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सूरजपुर कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। कोर्ट के वरिष्ठ बाबू नवीन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी संगठित गिरोह बनाकर अदातल में जमानत में जालसाजी कर फर्जी कागजात लगाते हैं।

### दंपती के साथ मारपीट मामले में रिपोर्ट दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने रास्ते में घेर कर दंपती के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश के लिए दबिशें दी जा रही है। आरोपी दंपती को अधमरी हालत में धमकी देकर फरार हो गए थे। मूल रूप से बुलंदशहर के पहासु में रहने वाले कपिल वाल्मीकि परिवार के साथ सूरजपुर कस्बा में रह कर एक फैक्ट्री में काम करते हैं। तीन जनवरी को किसी बात को लेकर उनका सूरजपुर कस्बा निवासी जहीर, कबीर, करीद व शाहिद से विवाद हो गया था। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की थी।10 जनवरी की रात करीब आठ बजे पत्नी करिश्मा के साथ बाइक पर सूरजपुर से पहासू जा रहे थे। आरोप है कि चारों आरोपियों ने रास्ते में घेर कर उन्हें रोक कर गाली गलौज किया। विरोध करने पर लातघूसों से पीट कर गंभीर घायल कर दिया।

# मुरादाबाद के दो भाइयों की दम घुटने से मौत

**नोएडा में कमरे में अंगीठी जलाकर सोए थे, सुबह बेहोश मिले**

**बिलारी।** नोएडा में मजदूरी करने गए मुरादाबाद के मैनाठेर थाना क्षेत्र निवासी दो चचेरे भाइयों की दम घुटने से मौत हो गई। दोनों शुक्रवार रात अपने कमरे में अंगीठी जलाकर सोए थे। शनिवार सुबह उनके साथियों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो वे अचेत अवस्था में मिले।

मृतकों की पहचान नगर पंचायत महमूदपुर माफी निवासी फुरकान (35) और साहिल (18) के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को पूरे दिन बारिश के कारण नोएडा में ठंड बढ़ गई थी। इसी वजह से दोनों ने रात में कमरे में अंगीठी जलाई थी। सोने से पहले उन्होंने फोन पर परिजनों को ठंड की जानकारी दी थी।



शनिवार सुबह जब परिजनों ने फुरकान और साहिल को फोन किया तो उन्होंने कॉल नहीं उठाई। कई बार प्रयास करने के बाद भी संपर्क न होने पर परिजनों ने नोएडा में उनके साथ काम करने वाले अन्य मजदूरों को सूचना दी।

साथी मजदूर जब उनके कमरे पर पहुंचे तो दरवाजा और खिड़कियां अंदर से बंद थीं। उन्होंने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो फुरकान और साहिल अचेत पड़े थे। जांच करने पर पता चला कि दोनों की मौत हो चुकी थी। कमरे में एक अंगीठी रखी हुई थी।

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि बंद कमरे में अंगीठी से निकलने वाले धुएं और कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने से उनकी जान गई है। इस दुखद खबर मिलते ही महमूदपुर माफी स्थित दोनों परिवारों में शोक छा गया।

शनिवार दोपहर बाद दोनों के शव उनके पैतृक गांव लाए गए। गमगीन माहौल में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि फुरकान से शुक्रवार देर शाम बात हुई थी, तब उसने बताया था कि खाना खाने के बाद बहुत ठंड लग रही है।

# ग्रेटर नोएडा में पशु चोरी करने वाले दो भाई गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में रबूपुरा पुलिस ने पशु चोरी के एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कोतवाली क्षेत्र के गांव धनपुरा निवासी अजहर और साहिब के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में पहले भी तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

दोनों भाई वारदात के बाद से फरार चल रहे थे। उन्हें शनिवार रात धनपुरा चौराहे के पास से दबोच लिया गया। यह कार्रवाई गांव फलेदा निवासी एक व्यक्ति की शिकायत के बाद की गई थी, जिसने थाने में आवारा पशुओं की चोरी की सूचना दी थी।

पुलिस की जांच में सामने आया कि यह एक शातिर गिरोह था, जो सुनियोजित तरीके से पशु चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी दिन के समय बाइक से जंगल और गांव के आसपास घूमकर आवारा पशुओं की रेकी करते थे।

पशुओं की संख्या और उनके स्थान की पूरी जानकारी जुटाने के बाद वे रात में अंधेरा होने पर उन्हें गाड़ी में लादकर ले जाते थे। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी चोरी किए गए पशुओं को अन्य स्थानों पर बेच देते थे।

पुलिस लंबे समय से फरार चल रहे अजहर और साहिब की तलाश कर रही थी।

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे और एक बाइक भी बरामद की गई है।

# राजपूत करणी सेना ने नए यूजीसी कानून का विरोध किया

**जेवर में कहा- हिंदू समाज को बांटने की साजिश, 27 को सौंपेंगे ज्ञापन**

**जेवर।** राजपूत करणी सेना ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए यूजीसी कानून का कड़ा विरोध किया है। संगठन ने इस कानून को हिंदू समाज को विभाजित करने वाला बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। रविवार को जेवर में आयोजित संगठन की पंचायत में वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि कानून वापस नहीं लिया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

यह पंचायत राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धीरज सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री डॉ. सतेंद्र सिंह चौहान ने की, जबकि संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष गोपालदेव रावल ने किया।

पंचायत में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धीरज सिंह ने कहा कि नया यूजीसी कानून हिंदू समाज को आपस में बांटने का षड्यंत्र है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इससे उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत वैमनस्य बढ़ेगा और सामान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न होगा। उन्होंने बताया कि कानून के विरोध में 27 जनवरी को सूरजपुर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम सर्व समाज की ओर से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# भाकियू चढ़ूनी की बैठक में आंदोलन रणनीति पर चर्चा

**किसान मजदूरों की समस्याओं को लेकर हुई मासिक बैठक**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र स्थित खेरली भाव गांव में रविवार को भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की मासिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में किसान मजदूरों और विकास प्राधिकरणों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई, साथ ही आंदोलन की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता अबरार अहमद ने की और यह इसराईल प्रधान के कार्यालय पर संपन्न हुई।

जिलाध्यक्ष इरफान प्रधान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में कार्यरत तीनों विकास प्राधिकरण लगातार किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं। किसान अपनी समस्याओं के समाधान के लिए धरना-प्रदर्शन, पंचायत और ज्ञापन जैसे लोकतांत्रिक



तरीके अपना रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे किसानों में भारी रोष है।

उन्होंने बताया कि किसान मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर जल्द ही गौतम बुद्ध नगर में तीनों विकास प्राधिकरणों के खिलाफ एक बड़ी पंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस पंचायत में भाकियू (चढ़ूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि स्वतंत्रता सेनानी शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की पुण्यतिथि के अवसर पर 23 मार्च को कुरुक्षेत्र के पीपली में एक दिवसीय विशाल किसान मजदूर जन क्रांति रैली आयोजित की जाएगी। इस रैली में हरियाणा में हुए पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक के धान घोटाले की सीबीआई जांच, एमएसपी की गारंटी का कानून, किसान मजदूरों के लिए मुफ्त शिक्षा व इलाज, नया बीज और बिजली कानून रद्द करने तथा किसानों-मजदूरों का संपूर्ण कर्ज माफ करने जैसी प्रमुख मांगें उठाई जाएंगी।

इस अवसर पर छोटे नंबरदार, इरफान प्रधान, भूपेंद्र शर्मा, डॉ. उमर मोहम्मद, नौशाद मिस्त्री, नितिन नागर, अकरम, डॉ. इरफान, हाजी अलीशेर, डॉ. फरासत, तेजवीर, निजामुद्दीन, शाहरुख सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा में बारात में हमले पर किसानों में नाराजगी

**कैलाश अस्पताल पर पंचायत, 28 तक कार्रवाई ना होने पर कमिश्नरेट का घेराव करेंगे**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी कोतवाली क्षेत्र में हुए हमले को लेकर इलाके में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट किसान संघर्ष मोर्चा और अन्य संगठनों ने रविवार को कैलाश अस्पताल परिसर में एक बार फिर पंचायत का आयोजन किया।

यह हमला शुक्रवार रात गांव रामपुर फतेहपुर में उस समय हुआ था, जब गांव जगनपुर निवासी देशराज नागर और देवेंद्र नागर के परिजन बारात में शामिल होने गए थे।



पंचायत में वक्ताओं ने दनकौर इंस्पेक्टर मुनेन्द्र सिंह की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि पुलिस अब तक मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी करने में विफल रही है। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि 27 जनवरी तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिला और संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई, तो 28 जनवरी को गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट का घेराव किया जाएगा। किसान संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने हमले को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों में भय का माहौल है और पुलिस की ढिलाई के चलते अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं। पंचायत में मौजूद लोगों ने एक स्वर में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कर्मचारी बढ़ाए जाएंगे

नोएडा। विद्युत निगम में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अभियंता और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा सके। इसके लिए मुख्य अभियंता द्वारा प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा गया है। जिले में नई व्यवस्था के तहत हर कार्य के लिए अलग अभियंताओं की जिम्मेदारी तय की गई है। ऐसे में स्टाफ की कमी की वजह से बिल ठीक करने समेत अन्य कार्यों में समय लग रहा है। इस समस्या से पीवीवीएनएल के एमडी को भी अवगत कराया गया था। उन्होंने प्रस्ताव भेजने का आदेश दिया था।

# नोएडा में साइबर ठगी गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**नौकरी का झांसा देकर खातों से रकम निकालते थे**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-63 थाना पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शनिवार को इस गिरोह से जुड़े तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

ये आरोपी बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनके बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर अपराध से ठगी गई रकम निकालने के लिए करते थे। पुलिस अब इनके फरार साथियों की तलाश कर रही है।

सेंट्रल नोएडा जोन के एडीसीपी संतोष कुमार मिश्रा ने इस बताया कि पुलिस को एक रैपिडो चालक से सूचना मिली थी। चालक ने बताया कि कुछ युवक उसके खाते में पैसे मंगवाकर डेबिट कार्ड के जरिए निकलवा लेते हैं।

इससे पहले उसके खाते से 95 हजार रुपए निकाले जा चुके थे और अब 60 हजार रुपए और आए थे। इस सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

टीम ने सेक्टर-63 स्थित डी पार्क से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान वाराणसी के सिसवां गांव



निवासी आयुष पांडेय, प्रियांशु श्रीवास्तव और दादरी के चटेड़ा गांव निवासी शिवम के रूप में हुई है। आयुष और प्रियांशु 12वीं कक्षा तक पढ़े हैं, जबकि शिवम ने 10वीं कक्षा पास की है।

पुलिस ने इनके कब्जे से पांच लैपटॉप, छह मोबाइल फोन, दो डेबिट कार्ड, 14,500 रुपए नकद और एक कार बरामद की है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने काम करने का तरीका बताया। वे मोहल्लों में घूमकर बेरोजगार युवाओं से संपर्क करते थे।

उन्हें नौकरी और अच्छी कमाई का लालच देकर अपने जाल में फंसाते थे। युवाओं का विश्वास जीतने के बाद, वे उनके मोबाइल फोन और डेबिट कार्ड का उपयोग करके फर्जी यूपीआई आईडी बनाते थे। फिर, साइबर ठगी से प्राप्त रकम इन खातों में मंगवाकर निकाल लेते थे और बदले में युवाओं को केवल 1,000 से 1,500 रुपए देते थे।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के मोबाइल फोन और लैपटॉप से कई महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं।

जांच में यह भी सामने आया है कि महाराष्ट्र की एक महिला से 8.50 लाख रुपए की ठगी की गई थी। यह ठगी गई रकम विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी।

# ग्रेटर नोएडा में गार्ड-डिलीवरी बॉय में मारपीट

**सोसाइटी के गेट पर लाठी-डंडे चले, पुलिस के आते ही हमला करने वाले भागे**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में सिक्योरिटी गार्ड और डिलीवरी बॉय के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। यह घटना बीटा 2 थाना क्षेत्र की निम्बस एक्सप्रेस पार्कव्यू सोसाइटी के गेट पर हुई। शनिवार रात को हुए इस विवाद में लात-घूंसे और लाठी-डंडे चले। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात एक डिलीवरी बॉय सोसाइटी में डिलीवरी देने गया था। उसने गलती से किसी और फ्लैट की घंटी बजा दी, जिस पर एक निवासी से उसका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर निवासी ने सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड्स को इसकी सूचना दी। सिक्योरिटी गार्ड्स मौके पर पहुंचे, तो उनकी डिलीवरी बॉय से बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर डिलीवरी बॉय ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में एक दर्जन से अधिक डिलीवरी बॉय बाइकों पर सवार होकर सोसाइटी के गेट पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पहले गाली-गलौज हुई, फिर लात-घूंसे चले। देखते ही देखते यह झगड़ा लाठी-डंडों तक पहुंच गया। सोसाइटी के गेट पर काफी देर तक हंगामा चलता रहा, जिसमें एक-दूसरे को गिरा-गिराकर पीटा गया।

### ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के पास एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार देर रात एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई थी। जानकारी के अनुसार, मूलरूप से हरदोई जिले के निवासी निरंकार नोएडा में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी 39 वर्षीय पत्नी ज्योति की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। उन्हें 20 जनवरी को दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित इसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार देर रात पित्त की थैली के ऑपरेशन के दौरान ज्योति की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि यह घटना डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हुई है। इस घटना के बाद परिवार के सदस्यों ने अस्पताल में हंगामा भी किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि परिवार के लोग मृतक के शव को बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही घर ले गए।

# यूपी में सीएनजी और पीएनजी हुए सस्ते

## ग्रीन गैस लिमिटेड ने घटाए दाम, लखनऊ समेत कई शहरों में नई दरें लागू

**लखनऊ।** ग्रीन गैस लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए सीएनजी और घरेलू पीएनजी की कीमतों में कटौती का ऐलान किया है। कंपनी ने सीएनजी के दाम में 25 पैसे प्रति किलो और घरेलू पीएनजी के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट (स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर) की कमी की है। नई दरें अलग-अलग तारीख और समय से लागू होंगी।




### कब से लागू होंगी नई दरें

कंपनी के अनुसार, सीएनजी की नई कीमतें 26 जनवरी की सुबह 9 बजे से लागू होंगी। घरेलू पीएनजी की नई दरें 25 जनवरी की रात 12 बजे से ही प्रभावी हो जाएंगी।
यह कटौती लखनऊ, आगरा, उन्नाव, अयोध्या और सुल्तानपुर शहरों के लिए की गई है।

### लखनऊ में नई कीमतें

ग्रीन गैस लिमिटेड के डीजीएम (मार्केटिंग) प्रवीण सिंह ने बताया कि लखनऊ में सीएनजी की नई कीमत 95.75 रुपये प्रति किलो और घरेलू पीएनजी की कीमत 56.50 रुपये हो जाएगी।

### सीएनजी की नई कीमतें (रुपये प्रति किलो)

| | | |
|---|---|---|
| लखनऊ : | 96.00 | 95.75 |
| आगरा : | 96.00 | 95.75 |
| उन्नाव : | 94.25 | 94.00 |
| अयोध्या-सुल्तानपुर: | 94.25 | 94.00 |

### पीएनजी के नए दाम (रुपये)

| | | |
|---|---|---|
| लखनऊ: | 57.00 | 56.50 |
| आगरा: | 57.00 | 56.50 |
| उन्नाव: | 56.50 | 56.00 |
| अयोध्या-सुल्तानपुर : | 58.00 | 57.50 |

### उपभोक्ताओं को सीधा फायदा

सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में की गई यह कटौती खासतौर पर वाहन चालकों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आई है। बढ़ती महंगाई के बीच ईंधन दरों में आई यह मामूली लेकिन अहम कमी लोगों के मासिक खर्च को कुछ हद तक कम करने में मदद करेगी।

# वाराणसी में अफसरों ने आधी रात बस-रेलवे स्टेशन खंगाले

**वाराणसी।** वाराणसी में गणतंत्र दिवस समारोह के पहले रविवार की आधी रात पुलिस अफसरों ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

एडीशनल सीपी के साथ अफसरों ने बनारस रेलवे स्टेशन, वाराणसी जंक्शन और कैंट बस स्टेशन पर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यात्रियों से संवाद किया, संदिग्धों की जांच की और सामान की सघन तलाशी ली।

रेलवे स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रवेश-निकास द्वार, प्रतीक्षालय एवं पार्किंग क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की सघन चेकिंग कराई गई। यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बिना पहचान, लावारिस बैग और सामग्री पर विशेष सतर्कता बरती गई तथा डॉग स्क्वाड, हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच कराई। रविवार की आधी रात एडिशनल पुलिस कमिश्नर शिवहरी मीणा ने गणत्रंत दिवस के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से रेलवे स्टेशन कैंट, रोडवेज बस स्टेशन एवं गोदौलिया, मैदागिन आदि प्रमुख व संवेदनशील स्थानों पर डाग स्क्वॉड, एएस-चेक टीम एवं मय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करते हुए सघन चेकिंग एवं निरीक्षण किया।

सबसे पहले बनारस रेलवे स्टेशन (मंडुवाडीह) पर पहुंचे अफसरों ने पुलिस बल के साथ-साथ आरपीएफ एवं जीआरपी के सहयोग से संयुक्त रूप से पैदल गश्त की।

बस स्टैंड क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करते हुए चेकिंग अभियान चलाया गया।

# साइबर अपराध रोकथाम के लिए चला जागरूकता अभियान



**ललितपुर।** जखौरा पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल, पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में आमजन-मानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें । सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें ।

## महाराष्ट्र से बरामद हुई आजमगढ़ से अपहृत किशोरी

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने दीदारगंज थाना क्षेत्र से अपहृत किशोरी को महाराष्ट से बरामद कर लिया है। इस मामले में दीदारगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसकी विवेचना बाद में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को ट्रांसफर कर दी गई थी। मामले की विवेचना एंट्री ह्यूमन ट्रैफिकिंग में ट्रांसफर होने के बाद ।।ञ्ज के प्रभारी अभय राज मिश्रा मामले की विवेचना में जुट गए। मामले की विवेचना कर रही टीम को सर्विलांस के माध्यम से किशोरी की लोकेशन महाराष्ट में मिली। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। इसके साथ ही मेडिकल के लिए भेज कर परिजनों के सुपुर्द भी कर दिया है। इस मामले में नामजद अभियुक्त अशफाक अहमद ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए हाई कोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त किया हुआ है। ऐसे में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

# आगरा में गर्लफ्रेंड के सिर-पैर काटे, बोरे में फेंकी लाश

## भाई की शादी का कार्ड बांटने निकली थी, बोला- धोखा दे रही थी

**आगरा।** आगरा में गर्लफ्रेंड को अपने ऑफिस बुलाकर उसका गला रेत दिया। हत्या करने के बाद आरोपी बॉयफ्रेंड ने सिर धड़ से अलग कर दिया। पैरों भी काट दिए। फिर बॉडी को बोरे में भर दिया।

आरोपी ने लाश को गर्लफ्रेंड की ही स्कूटी पर लादा और 2 किमी दूर जाकर यमुना पुल पर फेंक दिया। जबकि सिर झरना नाले में फेंक दिया।

पुलिस ने हत्यारोपी को अरेस्ट कर लिया है। रविवार को पूछताछ में आरोपी ने बताया- लड़की उसे धोखा दे रही थी। वह मेरे साथ प्यार का नाटक करती थी। मगर घूमती किसी और के साथ थी। यह मुझे बर्दाश्त नहीं था।


मिनसी, मृतक    विनय राजपूत, आरोपी

कई बार समझाने के बाद भी जब वह नहीं मानी तो 23 जनवरी को अपने ऑफिस बुलाकर उसकी गला रेत कर हत्या कर दी। लड़की घर नहीं पहुंची तो घर वालों ने तलाश की। 24 जनवरी की रात वह बोरा वह बरामद हुआ, जिसमें लड़की की सिर कटी हुई लाश थी। सिर अभी नहीं मिला है। पूरा मामला ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के पार्वती विहार का है।

# सभी देशवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई : आई0जी0 झांसी

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक झाँसी आकाश कुलहरि होगें राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित



**ललितपुर।** झांसी रेंज पुलिस के सभी अधि0/कर्म0गण को उनके उल्लेखनीय व सराहनीय सेवाओं व उत्कृष्ट कार्य करने पर पदक/प्रशंसा चिन्ह/सम्मान चिन्ह प्राप्त करने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सराहनीय एवं प्रसंशनीय कार्य हेतु किया गया प्रोत्साहित 77वें गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी, 2026 के शुभ अवसर पर रेंज के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी वीरता और अदम्य साहस, उल्लेखनीय व सराहनीय सेवाओं पर श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सेवा अभिलेख एवं शौर्य के आधार पर उत्साहवर्धन हेतु उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं प्रशंसा चिन्ह प्रदान किये गये हैं। झाँसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक झाँसी आकाश कुलहरि को उनके उत्कृष्ट सेवाओं हेतु राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया गया है। झाँसी परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपदों में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा सेवा अभिलेख एवं शौर्य के आधार पर 01 निरीक्षक, 03 उपनिरीक्षक, 01 मुख्य आरक्षी को प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी आकाश कुलहरि द्वारा पदक/प्रशंसा चिन्ह/प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले अधि0/कर्मचारीगण को हार्दिक शुभकामनायें दी गयी एवं भविष्य में भी इसी प्रकार सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। पदक/प्रशंसा चिन्ह/प्रशस्ति पत्र विजेताओं की सूची, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी राष्ट्रपति पुलिस पदक (उत्कृष्ट सेवाओं के आधार पर) आकाश कुलहरि (आईपीएस), पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी, पुलिस महानिदेशक का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह (सेवा अभिलेख के आधार पर) कुलदीप तिवारी, निरीक्षक ना0पु0 झाँसी। जाहर सिंह, उप निरीक्षक, ना0पु0, ललितपुर ।पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर (शौर्य के आधार पर) जितेन्द्र सिंह तक्खर, उप निरीक्षक, ना0पु0, झाँसी। अतुल कुमार, उप निरीक्षक, ना0पु0, झाँसी। मो0 शरीफ, मुख्य आरक्षी ना0पु0, झाँसी।

## गणतंत्र दिवस पर नोएडा पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

**गौतम बुद्ध नगर।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर नोएडा पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर यह अभियान बीडीडीएस टीम, डॉग स्क्वॉड और पर्याप्त पुलिस बल के साथ चलाया गया। अभियान के दौरान मॉल परिसर, सार्वजनिक स्थलों, पार्किंग एरिया, प्रवेश एवं निकास मार्गों सहित आसपास के क्षेत्रों में गहन जांच की गई। पुलिस ने संदिग्ध प्रतीत हो रहे लोगों और सामान की भी चेकिंग की। वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए। उन्हें यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की विधिवत जांच की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# सड़क सुरक्षा अभियान में स्काउट्स और एनसीसी की होगी भागीदारी

**लखनऊ।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और आम लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने युवाओं को आगे लाने की पहल की है।

इसके तहत स्काउट्स, एनसीसी कैडेट्स, आपदा मित्र और स्वयंसेवी संगठनों को सड़क सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे समाज में यातायात के रक्षक की भूमिका निभा सकें।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत चला विशेष अभियान

परिवहन विभाग द्वारा 1 से 31 जनवरी तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रदेशभर के जिलों और संभाग स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

इन कार्यशालाओं में आपदा प्रबंधन विभाग, सिविल डिफेंस, यातायात पुलिस, स्काउट्स एंड गाइड्स, एनसीसी कैडेट्स, डीलर्स एसोसिएशन और स्वयंसेवी संस्था सीआईए के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### दुर्घटनाओं में कमी लाना सरकार की प्राथमिकता

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना है।

साथ ही, सड़क दुर्घटना में घायल लोगों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कैशलेस उपचार सुविधा जैसी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाई जा रही है।

## मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर कमिश्नर, आईजी, डीएम व एसपी ने देवगढ़ वनक्षेत्र का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ जी के प्रस्तावित जनपद दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने आईजी रेंज झांसी आकाश कुल्हरी, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के साथ देवगढ़ वन क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मा0 मुख्यमंत्री जी के सभास्थल व हैलीपेड के लिए विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभास्थल के लिए देवगढ़ स्थित जैन धर्मशाला के सामने मेला ग्राउंड तथा हेलीपैड के लिए दशावतार मंदिर के पीछे वनक्षेत्र को देखा और मौके पर उपस्थित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी निश्चितता होने पर स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के दौरे को लेकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं, हैलीपेड से कार्यक्रम स्थल तक मार्ग पर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर लिये जायें। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आईजी व पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखने हेतु निर्देश दिये। इसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में वाहनों के पार्किंग हेतु स्थल का चयन करने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिये। मौके पर उपस्थित डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य ने बताया कि 02 फरवरी को नेचुरल वर्ड फेस्टिवल के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी का आगमन सम्भावित है, जिसके दृष्टिगत देवगढ़ वन क्षेत्र का चयन किया गया है।

## टीचर ने छात्र की गला रेतकर की हत्या

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में एक निजी शिक्षक द्वारा 11वीं के छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्र की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल है। मामला मंगलपुर थाना क्षेत्र के झींझक कस्बे की है। छात्र की पहचान सौरभ पाल (17) पुत्र सुभाष पाल, निवासी वार्ड नंबर-14 अंबेडकर नगर, झींझक के रूप में हुई है। सौरभ अपनी बहन रुचि पाल के साथ किराए के मकान में रहकर 11वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। परिजनों के अनुसार, धुन्नू सिंह किड्स इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ाने वाले काकोरी (लखनऊ) निवासी निजी शिक्षक अनूप सिंह ने सौरभ को स्कूल के पास पीपल के पेड़ के नीचे बुलाया था। आरोप है कि वहां पहले से घात लगाए बैठे शिक्षक ने अचानक सौरभ की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद लहूलुहान सौरभ जान बचाने के लिए करियाझाला पेट्रोल पंप की ओर भागा।

# मिशन शक्ति 5.0 : ललितपुर पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

**ललितपुर ।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई।



मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

# शार्ट न्यूज

## गुम हुए दो मोबाइल पाकर खिल उठे लोगों के चेहरे

**ललितपुर ।** सौजना पुलिस ने दो गुमशुदा हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 49,890 रूपए। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में,अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना सौजना पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना सौजना पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 02 गिरे हुए/ खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद कर, उनके स्वामी को सुपुर्द किया। पीड़ितों का मोबाइल फोन उन्हे वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, ललितपुर व थाना सौजना पुलिस की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी ।

## इटावा में अवैध ईंट भट्ठे पर प्रशासन की कार्रवाई

**इटावा।** इटावा के जसवंतनगर क्षेत्र में पर्यावरण मानकों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे एक ईंट भट्ठे पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। भट्ठे पर जल रही आग को फायर ब्रिगेड की मदद से बुझवाकर संचालन पूरी तरह बंद कराया गया। संयुक्त टीम ने मौके की पूरी रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। जिससे क्षेत्र के अन्य अवैध भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया है। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड लखनऊ द्वारा वर्ष 2021 में बिना मानक चल रहे ईंट भट्ठों को बंद करने के आदेश जारी किए गए थे। इन्हीं आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी इटावा शुभ्रांत शुक्ल के निर्देश पर वर्ष 2024 में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन की अध्यक्षता में एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। इस टीम में सभी तहसीलों के एसडीएम, संबंधित क्षेत्राधिकारी, पॉल्यूशन बोर्ड और खनन विभाग के अधिकारी शामिल किए गए थे। इसी क्रम में रविवार को बलरई थाना क्षेत्र के ग्राम बीबामऊ के पास स्थित एक ईंट भट्ठे पर कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार इस भट्ठे को पॉल्यूशन बोर्ड द्वारा वर्ष 2021 में ही बंद करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद भट्ठा लगातार संचालित किया जा रहा था।

## संभल में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**संभल।** संभल में घर लौट रहे एक बाइक सवार युवक को अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। यह सड़क हादसा संभल के थाना असमोली क्षेत्र में मिल चौराहे के पास रविवार रात करीब 10 बजे हुआ। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, लेकिन डायल 112 पुलिस उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान निक्की उर्फ नरेंद्र सैनी (30 वर्षीय) पुत्र मदन सिंह के रूप में हुई है। वह संभल के थाना ऐंचौड़ा कम्बोह स्थित गांव अली नेकपुर का निवासी था। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन असमोली अस्पताल पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम की तैयारी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हुई है।

## 50 हजार का इनामी अरेस्ट

**कानपुर।** शहर में कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री (नशे वाला सिरप) में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी अग्रवाल ब्रदर्स के मालिक विनोद अग्रवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नवंबर महीने में कलक्टरगंज थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद से यह फरार चल रहे थे। पुलिस ने इनको हरियाणा के महेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से विनोद अग्रवाल ने हरियाणा में किराए के मकान में अपना ठिकाना बना रखा था। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से इनको गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 11 नवंबर 2025 को लखनऊ से खाद्य एवं औषधि आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने आकर बिरहाना रोड स्थित इनकी फर्म पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान फर्म से सिरप की बिक्री के दस्तावेज नहीं मिले थे। इसके अलावा फर्म मालिक मौके से गायब हो गए थे। छापेमारी में यह सामने आया था कि कोडीन युक्त कफ सिरप की सप्लाई गैर राज्यों में की जा रही थी। छापे में बड़ी मात्रा मे कोडीन युक्त कफ सिरप के साथ साथ ट्रामाडोल भी मिली थी। जिसकी बिक्री के दस्तावेज नहीं मिलने पर फर्म को तत्काल सीज किया गया था।

## नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, बिजनौर थाना क्षेत्र की एक महिला ने 23 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि उसके 35 वर्षीय चचिया ससुर, जो सब्जी विक्रेता हैं, अपनी 14 वर्षीय बेटी (कक्षा 8 की छात्रा) के साथ लंबे समय से दुष्कर्म कर रहे हैं। पीड़िता की चचिया सास की लगभग 13 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। पीड़िता ने इस घटना से परेशान होकर एक दिन अपनी चचेरी भाभी को जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता की चचेरी भाभी ने 23 जनवरी को अपने चचिया ससुर के खिलाफ नामजद शिकायत दी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी, तभी शनिवार रात मुखबिर से सूचना मिली।

## जन्मदिन पार्टी में धारदार हथियार से हमला

**दुबग्गा।** लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में एक जन्मदिन पार्टी के दौरान हुए हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो अन्य को भी चोटें आईं। यह घटना ग्लोब कैंटीन के पास हुई, जहां 20-25 युवकों ने राहगीरों पर धारदार हथियारों और ईंट-पत्थरों से हमला किया। फिरदौस कॉलोनी, दुबग्गा निवासी मो. रफी के पुत्र बिलाल अपने दोस्तों आरिफ और सुफियान (छंदोइया निवासी) के साथ ग्लोब कैंटीन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अहिरन खेड़ा और गद्दी बगिया क्षेत्र के सलमान गाजी, निजाम गाजी, रेहान गाजी, सिकंदर गाजी, शावेज गाजी उर्फ भूरा और कलीम गाजी अपने लगभग 20-25 साथियों के साथ जन्मदिन की पार्टी मना रहे थे। आरोप है कि पार्टी में मौजूद युवकों ने राहगीरों को अश्लील गालियां देनी शुरू कर दीं। जब राहगीरों ने इसका विरोध किया, तो हमलावरों ने उन पर ईंट-पत्थरों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में सुफियान के सिर पर गंभीर चोट आई। उसे बचाने पहुंचे छंदोइया गांव के गुफरान और इखलाक को भी चोटें लगीं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने दुबग्गा थाने में नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

## स्ट्रीट डॉग्स के समर्थन में कैंडल मार्च

**लखनऊ।** लखनऊ में रविवार को पशु प्रेमियों ने साइलेंट कैंडल मार्च निकाला। तेलंगाना में कुत्तों और बंदरों की मौत पर नाराजगी जताई। हाथों में तख्ती लेकर विरोध किया। इसमें बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थाओं से जुड़े सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। इस दौरान स्ट्रीट डॉग के समर्थन में लिखे हुए स्लोगन और नारे वाली तख्ती लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल आसरा द हेल्पिंग हैंड की अध्यक्ष चारु ने कहा कि तेलंगाना में 900 स्ट्रीट डॉग्स और 80 बंदरों को झर देकर मार दिया गया। हम लोग इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से बेजुबानों की आवाज बने हैं जो अपना दर्द कह नहीं सकते। बेजुबानों को जहर देकर मार देना बेहद शर्मा है। इतनी बड़ी संख्या में जानवरों की जान चली गई और जिम्मेदार खामोश है। जो जानवर बोल नहीं सकते उन्हें जहर देकर मारा जा रहा है। आज हम लोग सड़कों पर उतरे हैं कैंडल मार्च निकाल रहे हैं अगर गुनहगारों को फांसी नहीं हुई तो इससे बड़ा आंदोलन करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलंबियाई राष्ट्रपति पेट्रो ने ट्रंप के साथ शांति बैठक को लेकर जताई उम्मीद

**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा कि वे 3 फरवरी को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ होने वाली बैठक को लेकर आशावादी हैं। यह बैठक पिछले महीनों की तनावपूर्ण कूटनीतिक स्थिति के बाद महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पेट्रो के वीजा रद्द करने और उनके परिवार पर ड्रग्स से जुड़े आरोपों के कारण अमेरिका ने उन पर पाबंदियाँ लगाई थीं। पेट्रो ने ट्विटर पर कहा वार्ता अच्छी चल रही है। ब्रिटेन के सहयोगी और अमेरिका के प्रतिनिधियों के साथ हमारी बातचीत सकारात्मक है। इस बैठक में व्यापार, आर्थिक अवसर और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे सामान्य मुद्दों पर चर्चा होगी। दोनों नेताओं के बीच मतभेद ड्रग्स तस्करी और इमिग्रेशन नीति को लेकर रहे हैं, लेकिन पेट्रो ने आरोपों को निराधार और अनुचित बताया है।

### वाशिंगटन के पास पोटोमैक नदी में गंदे पानी का बड़ा रिसाव

**वाशिंगटन , एजेंसी।** वाशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में पोटोमैक नदी में एक बड़ा सीवर पाइप फटने से लाखों गैलन कचरा नदी में बह रहा है। यह रिसाव सर्दियों की आने वाली तूफानी बारिश से ठीक पहले हुआ है, जिससे मरम्मत दल मुश्किल में हैं। डीसी वॉटर ने बताया कि 72 इंच व्यास वाला पाइप सोमवार देर रात फटा। इसके कारण रोज़ाना लगभग 40 मिलियन गैलन गंदा पानी नदी में जा रहा है, जो 66 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल भरने के बराबर है। स्थानीय पर्यावरण विशेषज्ञों ने बताया कि गंदा पानी इतनी मात्रा में है कि इसे छूना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। अधिकारियों ने नदी के पास लोगों को जाने से मना किया है और मरम्मत के लिए पंपों का उपयोग शुरू किया है। डीसी वॉटर ने कहा कि पीने के पानी पर कोई असर नहीं पड़ा है। पाइपलाइन की मरम्मत सितंबर में शुरू हुई थी और अप्रैल में पूरी होने की योजना थी, लेकिन अब यह टूटने से आगे काम की आवश्यकता बढ़ गई है।

### वियतनाम : टो लैम फिर चुने गए कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव

**हनोई, एजेंसी।** वियतनाम की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने शुक्रवार को टो लैम को फिर से अपना महासचिव चुन लिया है। यह निर्णय देश के सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक सम्मेलन नेशनल पार्टी कांग्रेस के समापन पर लिया गया। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि वे राष्ट्रपति का पद भी संभालेंगे या नहीं। यदि टो लैम दोनों पदों पर काबिज होते हैं, तो वे पिछले कई दशकों में वियतनाम के सबसे शक्तिशाली नेता बन जाएंगे।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 7 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंकाई नौसेना ने अवैध शिकार करने के आरोप में सात भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जाफना प्रायद्वीप के कोविलन तट के पास की गई। श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों के साथ उनके दो ट्रॉलरों को भी जब्त कर लिया। इन मछुआरों को कानूनी कार्यवाही के लिए जाफना के माइलिडी मत्स्य निरीक्षक को सौंपा जाएगा। पाक जलडमरूमध्य में सीमा उल्लंघन को लेकर दोनों देशों के बीच अक्सर विवाद होता रहता है। आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में श्रीलंकाई नौसेना ने कुल 346 भारतीय मछुआरों को पकड़ा और 44 नावें जब्त की थीं।

### सीरिया में कुर्द बलों की हार से तुर्किये में मनाया जोरदार जश्न

**सीरिया, एजेंसी।** तुर्किये में सीरिया के ताजा घटनाक्रमों को लेकर भारी उत्साह है। वहां की नई अंतरिम सरकार ने एक सैन्य अभियान में कुर्द नेतृत्व वाले प्रमुख बल सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस को प्रभावी ढंग से हरा दिया है। तुर्किये लंबे समय से इन कुर्द समूहों को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता रहा है। अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में मात्र दो सप्ताह के भीतर एसडीएफ ने उ. सीरिया में अपना अधिकतर क्षेत्र खो दिया। अमेरिका का सहयोगी रहा यह समूह अब सीरियाई सेना में विलय समझौते को स्वीकार करने पर मजबूर हो गया।

### चीन सागर में मालवाहक जहाज पलटा, दो की मौत, चार लापता

**बीजिंग, एजेंसी।** दक्षिण चीन सागर में विवादित स्कारबोरो शोल के पास सिंगापुर के झंडे वाला एक मालवाहक जहाज डेवोन बे पलट गया। चीनी अधिकारियों के अनुसार, जहाज पर सवार 21 फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों में से 2 की मौत हो गई है और 4 अन्य लापता हैं। चीनी तटरक्षक और नौसेना ने अब तक 15 लोगों को सुरक्षित बचा लिया है। यह दुर्घटना स्कारबोरो शोल से लगभग 100 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में हुई। जहाज चीन के गुआंग्डोंग प्रांत जा रहा था।

# हमारे बजाय चीन से संबंध बढ़ा रहा; कनाडा के गोल्डन-डोम प्रोजेक्ट का विरोध करने पर भड़के

**वॉशिंगटन डीसी/ ओटावा, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि चीन कनाडा को एक साल के अंदर ही खा जाएगा। दरअसल, कनाडा के क्कमार्क कार्नी ट्रम्प के 'गोल्डन डोम' मिसाइल प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प इससे नाराज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा हमारे बजाए चीन से दोस्ती बढ़ा रहा, जो उन्हें पहले ही साल में बर्बाद कर देगा। कनाडा पर आरोप लगाते हुए ट्रम्प ने कहा कि वह उत्तर अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा है। यह विवाद तब और तेज हो गया जब कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 13 जनवरी से 17 जनवरी तक चीन की यात्रा की और वहां व्यापार समझौते किए। इनमें कनाडाई कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम करना और चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए कोटा शामिल है।

**ट्रम्प बोले- कनाडा अमेरिका के कारण जिंदा है :** डेवोस में विश्व आर्थिक मंच पर गुरुवार को ट्रम्प ने अपनी बात दोहराई। उन्होंने कहा, कनाडा को अमेरिका से बहुत सारे फायदे मिलते हैं, उन्हें आभारी होना चाहिए। ट्रम्प ने कार्नी को सीधे संबोधित करते हुए कहा कनाडा अमेरिका के कारण जीवित है। अगली बार जब तुम बयान दोगे तो यह याद रखना मार्क। दरअसल ट्रम्प कार्नी के एक बयान से नाराज हो गए थे। कार्नी ने 20 जनवरी को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कहा था कि अमेरिका के दबदबे वाली वैश्विक व्यवस्था अब खत्म हो चुकी है।

**कार्नी बोले- अपनी वजह से फल-फूल रहे :** कार्नी ने 22 जनवरी को फिर ट्रम्प को का कड़ा जवाब दिया। उन्होंने



कहा- कनाडा और अमेरिका ने अर्थव्यवस्था और सुरक्षा में शानदार पार्टनरशिप निभाई है। लेकिन कनाडा अमेरिका के कारण नहीं जीवित है। कनाडा अपने कनाडाई होने के कारण फल-फूल रहा है। इस बयान के बाद ट्रम्प ने कार्नी से गाजा 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता भी वापस ले लिया।

**पहले भी आमने-सामने आ चुके ट्रम्प-कार्नी :** मार्क कार्नी और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच बढ़ता तनाव नया नहीं है। पहले भी दोनों नेता कई मुद्दों पर आमने-सामने आ चुके हैं। पिछले हफ्ते ग्रीनलैंड को लेकर कार्नी ने ट्रम्प को खुली चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि ग्रीनलैंड के भविष्य का फैसला अमेरिका नहीं कर सकता और यह अधिकार केवल ग्रीनलैंड और डेनमार्क का है। कार्नी ने उस समय अमेरिका समेत नाटो के सभी सहयोगी देशों से अपनी जिम्मेदारियों का सम्मान करने की अपील की थी और साफ किया था कि कनाडा डेनमार्क की संप्रभुता के साथ खड़ा है।

**कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाना चाहते हैं ट्रम्प :** ट्रम्प कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कह चुके हैं। कार्नी ने पिछले साल मई में ट्रम्प से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस दौरान कार्नी ने ट्रम्प से साफ शब्दों में कहा था कि कनाडा बिकाऊ नहीं है। दरअसल, बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा था कि अगर कनाडा अमेरिका में शामिल होता है तो वहां के लोगों को कम टैक्स, बेहतर सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इस पर कार्नी ने ट्रम्प को जवाब देते हुए कहा कि जैसे रियल एस्टेट में कुछ जगहें कभी बिक्री के लिए नहीं होतीं, वैसे ही कनाडा भी कभी बिकाऊ नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस इमारत में वे बैठे हैं या बकिंघम पैलेस जैसी जगहें कभी नहीं बेची जातीं, उसी तरह कनाडा भी न कभी बिकेगा और न कभी बेचा जाएगा। कार्नी ने यह भी कहा था कि कनाडावासियों की सोच इस मुद्दे पर नहीं बदलेगी और कनाडा कभी अमेरिका का हिस्सा नहीं बनेगा।

**कनाडा अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम कर रहा :** कनाडा ने अमेरिका पर निर्भरता कम करने की कोशिशें शुरू कर दी थी। वे अब चीन के साथ व्यापार बढ़ाने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका की तरफ से कनाडा पर सीधा सैन्य हमला होना मुश्किल है, लेकिन आर्थिक दबाव डाला जा सकता है। कार्लेटन यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर स्टेफनी कार्विन ने कहा कि अमेरिका अब पहले से ज्यादा आसानी से कनाडा की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के तेल संसाधनों पर ट्रम्प के दबदबे के बाद यह साफ है कि अमेरिका वेस्टर्न हेमिस्फेयर में अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए ज्यादा आक्रामक हो सकता है। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी 13 जनवरी से 17 जनवरी तक चीन की यात्रा गए थे। यह चार दिन की आधिकारिक यात्रा थी, जिसमें उन्होंने बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और 16 जनवरी 2026 को व्यापार समझौते की घोषणा की गई। यह 2017 के बाद किसी कनाडाई प्रधानमंत्री की पहली प्रमुख यात्रा थी। इसका मकसद दोनों देशों के बीच तनाव कम करना, व्यापार, ऊर्जा और कृषि क्षेत्रों में नई साझेदारी बनाना था। इसे स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का हिस्सा बताया गया। इस समझौते के तहत कनाडा ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर लगे 100% टैरिफ को घटाकर 6.1% (मोस्ट-फेवर्ड-नेशन रेट) कर दिया है। फिलहाल सालाना केवल 49,000 वाहनों तक सीमित कोटा लागू किया गया है।

# 1800 से अधिक उड़ानें रद्द, 15 राज्यों में आपातकाल; बर्फीले तूफान की आहट से घबराया अमेरिका



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में बर्फीले तूफान की आहट से करीब 15 करोड़ लोगों में घबराहट की स्थिति है। यह तूफान इतना खतरनाक है कि अमेरिका के 15 राज्यों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। शनिवार सुबह उत्तर पश्चिमी टेक्सास और ओकलाहोमा सिटी में भारी बर्फबारी के साथ तूफान की शुरुआत हो गई है। इस तूफान के असर से अमेरिका के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड, बर्फ, ओले और हिमपात होगा।

**भारी बर्फबारी से नुकसान की आशंका :** अमेरिका के राष्ट्रीय मौसम सेवा विभाग ने ओकलाहोमा से लेकर पूर्वोत्तर तक भारी बर्फबारी की भविष्यवाणी की है, जहां सोमवार तक एक फुट से ज्यादा बर्फबारी की आशंका है। इसके अलावा दक्षिणी मैदानों, मिसिसिपी घाटी, टेनेसी घाटी और दक्षिणपूर्व के इलाकों में भी भारी बर्फबारी, बारिश और ओले गिरने की आशंका है।

तूफान के कारण भारी मात्रा में बर्फ जमने की आशंका है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो सकती है। तूफान के चलते बिजली कटौती और भारी नुकसान की आशंका है। यही वजह है कि 15 राज्यों में आपातकाल लागू कर दिया गया है।

**हवाई यातायात बुरी तरह से प्रभावित :** तूफान का असर कई दिनों तक रहने की आशंका है, जिससे दैनिक जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बर्फीले तूफान के चलते टेक्सास से लेकर न्यू इंग्लैंड तक 2000 मील से अधिक का क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित होगा।

तूफान के चलते अमेरिका में हवाई यातायात बुरी तरह से प्रभावित रहेगा और 1800 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। साथ ही जो उड़ानें संचालित भी हो रही हैं, उनमें देरी हो रही है। कई एयरलाइंस ने अपनी उड़ानों को फिर से शेड्यूल किया है। कुछ जगहों पर तूफान के चलते हवाई अड्डों को बंद करने की नौबत भी आ सकती है।

# जॉर्जिया में पारिवारिक विवाद के चलते गोलीबारी, चार लोगों की मौत; एक भारतीय नागरिक भी शामिल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में कथित पारिवारिक विवाद के चलते गोलीबारी में मारे गए लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। अटलांटा में भारतीय मिशन ने यह जानकारी दी।

**भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने क्या कहा :** स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस गोलीबारी में शुक्रवार सुबह (स्थानीय समय) चार लोग मारे गए। घटना के समय घर में तीन बच्चे मौजूद थे। अटलांटा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने इस गोलीबारी पर गहरा दुःख जताते हुए कहा कि कथित शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है और मृतकों के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर कहा, 'हमें गोलीबारी की घटना पर गहरा दुःख है, जो कथित पारिवारिक विवाद से जुड़ी थी और इसमें मारे गए लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था। कथित शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है और मृतकों के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।'

**गोलीबारी में कौन-कौन मारे गए :** स्थानीय मीडिया 'फॉक्स5 अटलांटा' के मुताबिक, संदिग्ध की पहचान अटलांटा के विजय कुमार (51 वर्षीय) के रूप में हुई। ग्विनेट काउंटी पुलिस के मुताबिक, मृतकों में विजय कुमार की पत्नी मीमू डोगरा (43 वर्षीय), गौरव कुमार (33 वर्षीय), निधि चंदर (37 वर्षीय) और हरीश चंदर (38 वर्षीय) शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, संदिग्ध पर चार लोगों की जान लेने, बच्चों के साथ बुरा व्यवहार करने और जानबूझकर मारने जैसे कई गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को सुबह ढाई बजे ब्रुक आइवी कोर्ट के 1000 ब्लॉक से एक फोन कॉल मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वहां पहुंचने पर चार वयस्कों के शव मिले, जिन पर गोलियों के निशान थे। अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय घर में तीन बच्चे भी मौजूद थे।

# 'किसी भी हमले को माना जाएगा पूर्ण युद्ध', ईरान की ट्रंप को कड़ी चेतावनी; कहा- देंगे सख्त जवाब

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि तेहरान पर किसी भी तरह के हमले को वह अपने खिलाफ 'पूर्ण युद्ध' मानेगा। ईरान ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में वह हमले का बेहद सख्त जवाब देगा। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी युद्धपोतों का एक बड़ा बेड़ा हिंसा से जूझ रहे मध्य पूर्वी देश की ओर रवाना किया जा रहा है।

रॉयटर्स से बातचीत में एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने कहा कि अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व वाली सरकार अमेरिका से लगातार मिल रही सैन्य धमकियों का हरसंभव तरीके से जवाब देगी। अधिकारी ने साफ शब्दों में कहा कि चाहे हमला सीमित हो, व्यापक हो या किसी भी नाम से किया जाए, ईरान उसे पूर्ण युद्ध मानेगा।



**जंग को निपटाने के लिए देंगे कड़ा जवाब- ईरान :** ईरानी अधिकारी ने कहा, 'इस बार किसी भी तरह के हमले को हम अपने खिलाफ पूरी जंग समझेंगे और उसे निपटाने के लिए सबसे कड़ा जवाब देंगे।' मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन और तीन विध्वंसक जहाज, जो टॉमहॉक मिसाइलों से लैस हैं, मध्य पूर्व भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा, अमेरिकी वायुसेना ने भी एक दर्जन एफ-15ई लड़ाकू विमान क्षेत्र में तैनात किए हैं।

**ट्रंप ने दी हमले की धमकी :** इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी देते हुए कहा था कि ईरान पर अमेरिका की कड़ी नजर है। उन्होंने कहा कि युद्धपोतों का एक बेड़ा खाड़ी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने ईरान को इशारा करते हुए कहा कि अगर तुम लोगों फांसी देते हो, तो तुम पर पहले से कहीं ज्यादा जोरदार हमला होगा। यह तुम्हारे ईरान परमाणु कार्यक्रम पर हमने जो किया, उसे मूंगफली जैसा बना देगा।

**अमेरिकी दबाव के आगे क्या फूटेगा ईरान का सब्र :** ईरानी अधिकारी ने कहा कि तेहरान हाई अलर्ट पर है। हालांकि, उन्होंने संभावित जवाबी कार्रवाई की प्रकृति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान का सैन्य बल किसी भी सबसे खराब स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ईरान के अधिकारी ने कहा, 'जो देश लगातार अमेरिकी सैन्य दबाव में रहता है, उसके पास यही विकल्प होता है कि वह अपने पास मौजूद हर संसाधन का इस्तेमाल कर हमले का जवाब दे और संतुलन बहाल करे।'

**ईरान के हिंसक प्रदर्शन में कितनी मौतें हुई :** नए साल की शुरुआत से ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों ने देश को झकझोर दिया है, जिनमें कार्यकर्ताओं के अनुसार अब तक 5,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। ताजा घटनाक्रम ट्रंप के दावोस दौरे से अमेरिका लौटने के बाद सामने आया है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव एक बार फिर तेज होता दिख रहा है।

# पाकिस्तान में शादी समारोह में हमलावर ने विस्फोट किया, 7 की मौत, 25 घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में शुक्रवार को एक शादी समारोह के दौरान आत्मघाती हमलावर ने धमाका कर दिया। इस हमले में सात लोग मारे गए और 25 घायल हो गए।

हमला नूर आलम महसूद नाम के एक प्रो-गवर्नमेंट कम्युनिटी लीडर नूर आलम महसूद के घर पर हुआ। जहां शादी की खुशी मनाई जा रही थी। पुलिस के अनुसार, मेहमान नाच रहे थे तभी यह धमाका हुआ, जिससे जगह पर अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट इतना जोरदार था कि छत ढह गई, जिससे मलबे के नीचे फंसे लोगों को बचाना मुश्किल हो गया। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों



में एक पूर्व तालिबान सदस्य भी शामिल था। बाकी मृतक उसके रिश्तेदार बताए गए हैं। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, शांति समिति के नेता वाहीदुल्लाह महसूद उर्फ जिगरी महसूद भी इस हमले में मारे गए हैं। सभी घायलों और मृतकों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इससे पहले इसी महीने खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में शांति समिति के चार सदस्यों की हत्या हुई थी और नवंबर 2025 में भी इसी प्रांत में शांति समिति के कार्यालय पर हमला हुआ था, जिसमें सात लोग मारे गए थे। स्थानीय पुलिस प्रमुख अदनान खान के मुताबिक, यह धमाका सरकार समर्थक सामुदायिक नेता नूर आलम महसूद के घर पर शादी के दौरान किया गया. उन्होंने बताया कि मृतकों और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

# इस्राइल-लेबनान जंग में पर्यावरण को भारी क्षति; हमलों से बाग-बगीचे राख, उजड़े वन्यजीव आवास, कृषि भूमि नष्ट



**वाशिंगटन, एजेंसी।** सशस्त्र विद्रोही गुट हिज्बुल्ला के हमलों से उत्पन्न सुरक्षा खतरे के जवाब में की गई इस्राइली सैन्य कार्रवाई का प्रभाव केवल सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दक्षिणी लेबनान का सामाजिक और प्राकृतिक ताना-बाना भी इसकी चपेट में आ गया। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और मानवीय संगठनों की रिपोर्ट के अनुसार युद्ध में कृषि भूमि नष्ट हुई, जंगलों और जैव विविधता को भारी नुकसान पहुंचा, जबकि जल स्त्रोतों और मिट्टी में प्रदूषण बढ़ने से स्थानीय आबादी पर दीर्घकालिक खतरा पैदा हो गया। तेल भंडारण स्थलों, औद्योगिक ढांचे और ऊर्जा संयंत्रों को हुई क्षति ने समुद्री और स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी प्रभावित किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संघर्ष भले ही सशस्त्र गुटों और राज्यों के बीच हो, लेकिन उसकी कीमत सबसे अधिक आम नागरिक ही चुकाते है।

**21वीं सदी के बड़े युद्धों में है शुमार :** अक्तूबर से नवंबर 2024 के बीच इस्राइली हवाई हमलों की संख्या 21वीं सदी में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक दर्ज किए गए हमलों में शामिल रही। इस संघर्ष में मानवीय क्षति भयावह रही। 4,000 से अधिक लोगों की मौत, 17,000 से ज्यादा घायल और लगभग 12 लाख लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए, लेकिन युद्ध का एक अपेक्षाकृत अनदेखा पहलू पर्यावरण पर पड़ा। उसका गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव है। दक्षिणी लेबनान आज भी युद्ध के ऐसे जख्म ढो रहा है, जो केवल इमारतों या सड़कों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उसकी मिट्टी, जंगलों, पानी और जीवनयापन की पूरी संरचना को प्रभावित कर चुके हैं। नवंबर 2024 में नाममात्र के संघर्षविराम के एक साल बाद भी, इस क्षेत्र में पर्यावरणीय तबाही के निशान साफ दिखाई देते हैं। एवोकाडो के बाग पूरी तरह खत्म हो चुके हैं। किसान बताते हैं कि मधुमक्खियों के छत्ते नष्ट हो गए हैं, जिससे उन हजारों परिवारों की आजीविका भी उजड़ गई है जो इन पर निर्भर थे।

**बिना फटे बमों से खतरा बरकरार :** इस्राइली हमलों से खेतों और जंगलों में भीषण आग लगी, जबकि शेल के टुकड़े और बिना फटे बम अब भी जमीन में दबे हुए हैं। इनसे खतरा बरकरार है। ये दृश्य बड़े पैमाने की पारिस्थितिक तबाही का संकेत हैं। खेत, जैतून के बाग और देवदार व चीड़ के जंगल बड़े पैमाने पर जल गए।

# मिनेसोटा में हवाई अड्डे के पास से सौ पादरी गिरफ्तार, ट्रंप की सख्त आव्रजन नीतियों का कर रहे थे विरोध

**मिनियापोलिस, एजेंसी।** आव्रजन को लेकर कार्रवाई के खिलाफ मिनेसोटा के सबसे बड़े हवाई अड्डे पर प्रदर्शन कर रहे करीब सौ पादरियों को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों लोग डाउनटाउन में ट्रंप प्रशासन की सख्त आव्रजन नीति के विरोध में सड़कों पर उतरे।

**ये आंदोलन कितना बड़ा है और कौन-कौन शामिल है :** ये प्रदर्शन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आव्रजन नीति को सख्ती से लागू किए जाने के खिलाफ पूरे राज्य में चल रहे बड़े आंदोलन का हिस्सा हैं। इसमें श्रमिक संगठन, प्रगतिशील समूह और पादरी शामिल हैं, जो लोगों से काम से दूर रहने की अपील कर रहे हैं। वे स्कूल और दुकानों को भी बंद करने की अपील कर रहे हैं।

**पुलिस ने पादरियों को क्यों गिरफ्तार किया :** मेट्रोपॉलिटन हवाई अड्डा आयोग के प्रवक्ता जेफ ली ने कहा कि प्रदर्शन कर रहे पादरियों को गैरकानूनी रूप से परिसर में घुसने और पुलिस के आदेश का पालन न करने के मामूली मामलों में नोटिस दिए गए और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि मिनियापोलिस सेंट पॉल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य टर्मिनल के बाहर इसलिए गिरफ्तारी की गई, क्योंकि वे अपने प्रदर्शन की अनुमति की सीमा से आगे बढ़ गए थे और हवाई सेवाओं में बाधा डाल रहे थे।

**गिरफ्तारी पर पादरियों की क्या प्रतिक्रिया दी :** सेंट पॉल स्थित हैमलाइन चर्च की रेवरेन्ड मारिया फर्नेस टोलगार्ड ने कहा कि पुलिस ने उन्हें वहां से जाने का आदेश दिया था, लेकिन उन्होंने और अन्य लोगों ने प्रवासियों के समर्थन में वहीं रुकने और गिरफ्तारी देने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि उनकी मंडली के कई सदस्य इतने डरे हुए हैं कि वे अपने घरों से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं। थोड़ी देर हिरासत में रहने के बाद वह अपने चर्च लौटकर प्रार्थना सभा करने वाली थीं।




**प्रदर्शनकारियों ने क्या कहा :** टोलगार्ड ने कहा, हम मिनेसोटा पर इस तरह के संघीय कब्जे में जीना स्वीकार नहीं कर सकते। यूनिटेरियन यूनिवर्सलिस्ट पादरी रेवरेंड एलिजाबेथ बैरिश ब्राउन व्योमिंग के शायेन शहर से डाउनटाउन मिनियापोलिस में हुई रैली में शामिल होने पहुंचीं। उस दिन धूप तेज थी, लेकिन इसके बावजूद तापमान माइनस नौ डिग्री फारेनहाइट (माइनस 23 डिग्री सेल्सियस) दर्ज किया गया। उन्होंने कहा, यहां जो हो रहा है, वह साफ तौर पर अनैतिक है। ठंड जरूर है, लेकिन हमारे लिए असली खतरा मौसम नहीं है। 7 जनवरी से ट्विन सिटीज इलाके में रोजाना प्रदर्शन हो रहे हैं। उसी दिन 37 साल की तीन बच्चों की मां रेनी गुड की आव्रजन प्रवर्तन एजेंसी (आईसीई) के एक अधिकारी की गोली से मौत हो गई थी। इसके बाद संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों का कई बार स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं के आमने-सामने हुआ है, जो उनकी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।

### म्यांमार : सेना के हमले में 21 लोगों की मौत

**नाएप्यीडॉ, एजेंसी।** म्यांमार में सेना के एक हवाई हमले में 21 लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। यह हमला बृहस्पतिवार दोपहर काचिन प्रांत के भामो शहर के पश्चिम स्थित ह्तीलिन गांव में हुआ, जहां विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। यह जानकारी जातीय विद्रोही संगठन काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी (केआईए) और स्थानीय मीडिया ने दी। केआईए के प्रवक्ता कर्नल नव बू ने बताया कि एक लड़ाकू विमान ने उस परिसर पर बमबारी की, जहां मृतकों के लिए प्रार्थना सभा चल रही थी। हमले में विस्थापितों का शिविर, एक स्कूल और गांव का बाजार भी क्षतिग्रस्त हुआ। उस समय गांव में करीब 500 लोग मौजूद थे।

# पद्म पुरस्कार 2026 : विजय अमृतराज को पद्म भूषण, रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर को पद्म श्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित पद्म पुरस्कार 2026 की सूची में भारतीय खेल जगत की कई बड़ी हस्तियों को सम्मानित किया गया है। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज को पद्म भूषण से नवाज़ा गया है, जबकि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और पुरुष टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पद्म श्री पुरस्कार मिला है। इसके अलावा हॉकी, क्रिकेट और कोचिंग से जुड़े अन्य नामों ने भी इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई है।

### विजय अमृतराज को पद्म भूषण, ऐतिहासिक उपलब्धि

भारतीय टेनिस के पथप्रदर्शक माने जाने वाले विजय अमृतराज इस साल खेल जगत से पद्म भूषण पाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। पद्म भूषण भारत का तीसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है, जो किसी भी क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है। अमृतराज इससे पहले 1974 में अर्जुन पुरस्कार और 1983 में पद्म श्री से सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में विंबलडन और यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में दो-दो बार जगह बनाकर भारत को अंतरराष्ट्रीय टेनिस मंच पर पहचान दिलाई।

### हरमनप्रीत कौर को पद्म श्री, यादगार रहा 2025

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के लिए साल 2025 ऐतिहासिक साबित हुआ। उनकी अगुवाई में भारत ने पहली बार घरेलू सरजमीं पर महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इस उपलब्धि के बाद उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया, जो उनके नेतृत्व, निरंतर प्रदर्शन और महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के योगदान को दर्शाता है।

### रोहित शर्मा को पद्म श्री, कप्तानी में रचा इतिहास

पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी पद्म श्री पुरस्कार से नवाज़ा गया है। रोहित ने 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया, लेकिन वनडे क्रिकेट में उनका योगदान अब भी अहम बना हुआ है। उनकी कप्तानी में भारत ने टी20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट जीते। बतौर कप्तान और बल्लेबाज़ रोहित ने भारतीय क्रिकेट को नई पहचान दी है।

### अन्य खेल हस्तियों को भी मिला सम्मान

पद्म श्री पुरस्कार पाने वालों में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज़ प्रवीण कुमार और भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पुनिया का नाम भी शामिल है। इसके अलावा महिला हॉकी को नई दिशा देने वाले कोच बलदेव सिंह, भगवंदास रायकवार और के. पाजनिवेल को भी खेल के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। पूर्व कुश्ती कोच व्लादिमेर मेस्तविरीशविली को मरणोपरांत पद्म श्री दिया गया, जो भारतीय कुश्ती के विकास में उनके योगदान की पहचान है।

### पद्म पुरस्कार 2026: कुल 131 सम्मान

केंद्र सरकार ने पद्म पुरस्कार 2026 के तहत कुल 131 नागरिक सम्मानों को मंजूरी दी है। इसमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। इन पुरस्कारों में खेल के साथ-साथ कला, सिनेमा, साहित्य, सार्वजनिक सेवा और अन्य क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया गया है। पद्म पुरस्कार 2026 में खेल जगत से सम्मानित हस्तियों की लिस्ट-




विजय अमृतराज पद्म भूषण
बलदेव सिंह पद्म श्री
भगवंदास रायकर पद्म श्री
हरमनप्रीत कौर भुल्लर पद्म श्री
के. पाजनिवेल पद्म श्री
प्रवीण कुमार पद्म श्री
रोहित शर्मा पद्म श्री
सविता पुनिया - पद्म श्री

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन: नोवाक जोकोविच वाकओवर मिलने से क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**मेलबर्न (एजेंसी)।** रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच कोर्ट पर उतरे बिना ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं क्योंकि चौथे दौर में उनके प्रतिद्वंदी जैकब मेनसिक ने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव कारण 24 घंटे पहले ही रविवार को अपना नाम वापस ले लिया।

इससे अपना 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को वाकओवर मिल गया। आयोजकों ने रविवार देर रात मेनसिक के नाम वापस लेने की पुष्टि की। यह मैच सोमवार रात को रॉड लेवर एरिना में खेला जाना था। मेनसिक ने कहा, 'पिछले कुछ मैचों के बाद मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। समस्या मेरे पेट की बाई तरफ की मांसपेशियों में है। अगर मैं सोमवार को कोर्ट पर उतरता हूं तो यह मेरे स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है।'

शनिवार को 16वीं वरीयता प्राप्त मेनसिक ने एथन क्विन को सीधे सेटों में हराया था। जोकोविच तीसरे दौर में बोटिक वैन डे ज़ैंडशल्प को 6-3, 6-4, 7-6 (4) से हराकर ग्रैंड स्लैम एकल में 400 जीत हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।

# टी20 विश्वकप से बाहर होने से बांग्लादेश को होगा भारी नुकसान

**मुम्बई (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने इस बार आईसीसी टीम20 विश्वकप के लिए अपनी टीम भेजने से इंकार तो कर दिया है पर ये फैसला उसके लिए आर्थिक रुप से भी बेहद नुकसान दायक रहेगा। इससे जहां उसपर प्रतिबंध सहित कई और खतरे मंडरा रहे हैं। वहीं उसक खिलाड़ियों को भी काफी नुकसान हुआ है और वे एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से वंचित हो गये हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुासर बांग्लादेशी खिलाड़ी टूर्नामेंट में खेलने के पक्ष में थे, लेकिन उनसे इस फैसले पर कोई चर्चा नहीं की गई। भारत न जाने का निर्णय पूरी तरह सरकार और बोर्ड स्तर पर लिया गया, जिससे खिलाड़ी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। जहां तक आर्थिक नुकसान की बात है।

विश्वक कप से बाहर होने के बाद बांग्लादेश को केवल ग्रुप स्टेज की भागीदारी फीस के तौर पर ही 3 लाख से 5 लाख डॉलर (करीब 3.6 से 6.7 करोड़ बांग्लादेशी मुद्रा टका) का नुकसान हो सकता है। इसके अलावा आईसीसी के मेंबर पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट (एमपीए) के तहत बिना ठोस कारण टूर्नामेंट में हिस्सा न लेने के लिए उसपर करीब 24 करोड़ टका तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

इसके अलावा, बांग्लादेश को टूर्नामेंट के राजस्व में भी हिस्सा नहीं मिलेगा। जिससे उसे करीब 2.7 करोड़ डॉलर (325-330 करोड़ टका) का नुकसान हो सकता है। यह रकम बीसीबी की सालाना आय का लगभग 60 फीसदी है। इसके अलावा खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय ब्रांड अनुबंध भी खतरे में हैं। भारतीय खेल उपकरण निर्माता कंपनियों भी उसके खिलाड़ियों के साथ करार समाप्त करने विचार कर रही हैं।

# चेतेश्वर पुजारा: धैर्य, समर्पण और टेस्ट क्रिकेट की दीवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज रफ्तार क्रिकेट के इस दौर में जहां आक्रामक बल्लेबाजी और त्वरित रन सबसे बड़ी पहचान बन चुके हैं, वहीं चेतेश्वर पुजारा ने धैर्य और संयम को अपनी ताकत बनाया। जमाने के उलट चलना आसान नहीं होता, लेकिन पुजारा ने इसी कठिन रास्ते को चुना और टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे मजबूत दीवार बनकर उभरे। क्रीज पर लंबा समय बिताने की क्षमता, मानसिक मजबूती और टीम के लिए संघर्ष करने की आदत ने उन्हें राहुल द्रविड़ के बाद दूसरा 'द वॉल' बना दिया। 25 जनवरी 1988 को गुजरात के राजकोट में जन्मे चेतेश्वर पुजारा के क्रिकेटर बनने के पीछे उनके पिता अरविंद पुजारा का बड़ा योगदान रहा। अरविंद खुद प्रथम श्रेणी क्रिकेटर और कोच रहे थे। देश के लिए खेलने का उनका सपना अधूरा रह गया, लेकिन बेटे के जरिए उन्होंने उस सपने को साकार होते देखा। बचपन से ही क्रिकेट को जीवन का लक्ष्य बनाने वाले पुजारा ने सौराष्ट्र की ओर से घरेलू क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई और 2005 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया।

लगातार पांच साल तक घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद 2010 में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू का मौका मिला। यह वह समय था जब राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण जैसे दिग्गज अपने करियर के अंतिम दौर में थे और भारतीय टीम को भरोसेमंद विकल्प की तलाश थी। पुजारा ने इस मौके को दोनों हाथों से थामा और धीरे-धीरे टेस्ट टीम के स्थायी और भरोसेमंद स्तंभ बन गए। 2010 से 2023 के बीच भारत को टेस्ट क्रिकेट में मिली कई बड़ी सफलताओं में पुजारा की भूमिका अहम रही। खासतौर पर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2018-19 की ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज में उनका प्रदर्शन अविस्मरणीय रहा। चार टेस्ट मैचों में 521 रन बनाकर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को थकाया और भारत की पहली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत की नींव रखी। अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ 206 रन, जोहानसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 153 रन, रांची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 202 रन की मैराथन पारी और ऑस्ट्रेलिया दौरे की कई जुझारू पारियां उनके करियर की पहचान बनीं।



पुजारा ने अपने टेस्ट करियर में 103 मैचों की 176 पारियों में 7,195 रन बनाए, जिसमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल रहे। उनका औसत 43.60 रहा और सर्वोच्च स्कोर नाबाद 206 रन रहा। काउंटी क्रिकेट में भी उन्होंने अपनी तकनीक और धैर्य का लोहा मनवाया। 24 अगस्त 2025 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले पुजारा को टेस्ट क्रिकेट के प्रति उनके समर्पण और संघर्ष के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

# न्यूयॉर्क में उलटफेर करने से चूकी भारत की उभरती हुई स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत



नई दिल्ली। भारत की उभरती हुई स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को न्यूयॉर्क में स्प्राट टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस के दूसरे दौर में जापान की विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी सतोमी वातानाबे के खिलाफ उलटफेर करने की स्थिति में पहुंचने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। अपने पहले पीएसए प्लैटिनम-स्तरीय टूर्नामेंट में भाग ले रही महिला रैंकिंग में विश्व की 31वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने शुरुआती दो गेम जीते, लेकिन जापान की छठी वरीयता प्राप्त अनुभवी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 6-11, 6-11, 11-2, 11-8, 11-6 से जीत हासिल की। सतोमी ने कहा, 'यह मेरे लिए वास्तव में एक कड़ा मैच था। उसने (अनाहत) बहुत ही शानदार खेल दिखाया। उसके विनर्स तो कमाल के थे। मैं मैच जीतने से वास्तव में बहुत खुश हूं।% भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी अनाहत ने इससे पहले लूसी टरमेल को हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया था। अनाहत ने इंग्लैंड की टरमेल को 11-3, 11-6, 9-11, 13-11 से हराया था।

# नेशनल 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाज़ी ट्रायल्स में सैन्यम और गौरव बने चैंपियन

नई दिल्ली। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 1 और 2 का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल-2 के फाइनल में चंडीगढ़ की सैन्यम ने महिला वर्ग में, जबकि उत्तर प्रदेश के गौरव कुमार ने पुरुष वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

**महिला 10 मीटर एयर पिस्टल : सैन्यम का दबदबा**

वर्ल्ड कप फाइनल की रजत पदक विजेता सैन्यम ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए फाइनल में 243.1 का प्रभावशाली स्कोर किया। उन्होंने दूसरे स्थान पर रहीं रिदम सांगवान (237.7) को 5.4 अंकों से पछाड़ा। मीनू पाठक ने 218.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

क्वालिफिकेशन में सुरुचि सिंह ने 587-31× के बेहतरीन स्कोर के साथ शीर्ष स्थान पाया, लेकिन फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं। पालक (579-16×) क्वालिफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहीं और फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं। अनुभवी श्वेता सिंह ने क्वालिफिकेशन में तीसरा स्थान (578-18×) हासिल किया, जबकि फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। शीर्ष आठ में प्रिया मुरलीधर, दिव्या टी एस, रिदम सांगवान और सैन्यम भी शामिल रहीं।

**पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल : गौरव कुमार का दमदार कमबैक**

पुरुष वर्ग में गौरव कुमार ने ट्रायल-1 में दूसरे स्थान के बाद ट्रायल-2 में शानदार वापसी करते हुए खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में 245.5 का स्कोर कर पहला स्थान हासिल किया। योगेश कुमार 244.6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उत्तर प्रदेश के हर्ष स्वामी ने 221.9 अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया।

क्वालिफिकेशन में सेना के अजेंद्र सिंह चौहान ने 588-21× के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके अलावा उधयवीर सिंह, कमलजीत चौधरी, ओलंपिक पदक विजेता सरबजोत सिंह और केदारलिंग बालकृष्ण उचागांवकर ने भी शीर्ष आठ में जगह बनाई।

# आईपीएल 2026 के लिए एमएस धोनी की तैयारी शुरू

**– पैड पहनते वीडियो ने बढ़ाया उत्साह**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और चेन्नई सुपर किंग्स के सबसे बड़े चेहरों में शामिल महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत कर दी है। शनिवार को सोशल मीडिया पर धोनी का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह पैड पहनते और बल्लेबाजी के लिए तैयार होते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया है, जिसने क्रिकेट फैंस के बीच एक बार फिर उत्साह की लहर दौड़ा दी है।

झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा साझा किए गए वीडियो के कैप्शन में लिखा गया, ÷देखो कौन वापस आ गया है। वीडियो में धोनी का शांत लेकिन आत्मविश्वास से भरा अंदाज दिखाई दे रहा है, जिसे देखकर फैंस एक बार फिर उन्हें मैदान पर देखने को लेकर रोमांचित हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद धोनी अब सिर्फ आईपीएल में ही खेलते नजर आते हैं, लेकिन उनकी मौजूदगी ही टूर्नामेंट की चमक को कई गुना बढ़ा देती है। एमएस धोनी ने दिसंबर 2004 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था और अपनी कप्तानी में भारत को तीनों फॉर्मेट में ऐतिहासिक सफलताएं दिलाईं। टी20 वर्ल्ड कप 2007, वनडे वर्ल्ड कप 2011 और चैंपियंस ट्रॉफी 2013 की जीत भारतीय क्रिकेट इतिहास के सुनहरे पलों में शामिल हैं। 15 अगस्त 2020 को जब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, तो यह पल करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद भावुक रहा।



आईपीएल में धोनी का सफर भी उतना ही शानदार रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उन्होंने कई यादगार जीत दिलाईं और टीम को पांच बार खिताब जिताया। हालांकि पिछला सीजन सीएसके के लिए बेहद निराशाजनक रहा था। टीम पॉइंट्स टेबल में अंतिम स्थान पर रही और 14 मैचों में सिर्फ चार जीत ही हासिल कर सकी। आईपीएल 2025 में धोनी का प्रदर्शन भी उनके कद के मुताबिक नहीं रहा। उन्होंने 13 पारियों में 196 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 24.50 और स्ट्राइक रेट 135.17 रहा। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 30 रन था। ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने पर धोनी ने एक बार फिर टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी।

अब आईपीएल 2026 को लेकर उम्मीदें फिर से जाग उठी हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने पुष्टि की है कि धोनी आगामी सीजन में खेलते नजर आएंगे, जो उनका 17वां आईपीएल सीजन होगा। माना जा रहा है कि यह धोनी का आखिरी आईपीएल सीजन भी हो सकता है, ऐसे में सीएसके छठी ट्रॉफी जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ शानदार फॉर्म में हैं और धोनी का अनुभव टीम के लिए एक मजबूत सहारा साबित हो सकता है। आईपीएल इतिहास में एमएस धोनी का रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली रहा है। उन्होंने 278 मैचों में 242 पारियों में 5,439 रन बनाए हैं। उनका औसत 38.80 और स्ट्राइक रेट 137.45 रहा है। इस दौरान उन्होंने 24 अर्धशतक जड़े, जबकि उनका सर्वोच्च स्कोर 84 रन रहा। भले ही उन्होंने आईपीएल में कभी शतक न लगाया हो, लेकिन फिनिशर के तौर पर उनकी भूमिका और दबाव में मैच पलटने की क्षमता आज भी बेजोड़ मानी जाती है।

# पामेला कोंटी को भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच नियुक्त किया गया



नई दिल्ली। इटली की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पामेला कोंटी को भारतीय महिला अंडर-17 टीम की मुख्य कोच नियुक्त किया गया और वह इस साल भारत के AFC एशियाई कप अभियान की जिम्मेदारी संभालेंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की यह इस महीने में राष्ट्रीय टीम के लिए की गई दूसरी नियुक्ति है। इस महीने की शुरुआत में कोस्टा रिका की एमेलिया वाल्वर्डे को सीनियर महिला टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया था। 2015 और 2023 में फीफा महिला विश्व कप में कोस्टा रिका टीम का नेतृत्व करने वाली एमेलिया एक से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले AFC एशियाई कप तक टीम की देखरेख करेंगी। AFC महिला अंडर-17 एशियाई कप 30 अप्रैल से 17 मई तक चीन में आयोजित होगा। AIFF ने कहा कि 43 वर्षीय कोंटी अंडर-17 महिला टीम के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की तैयारी के ट्रेनिंग शिविर में शामिल हो गई हैं जो आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में चल रहा है। AIFF ने बयान में कहा, 'कोंटी के सहायक स्टाफ के रूप में उनके भाई विंसेंजो कोंटी सहायक कोच के रूप में टीम में शामिल होंगे।' निवेथा रामदोस सहायक कोच के रूप में बनी रहेंगी। कोंटी का पहला आधिकारिक टूर्नामेंट सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 होगा जो 31 जनवरी से सात फरवरी तक नेपाल के पोखरा में आयोजित होगा। भारत इस टूर्नामेंट में अपनी अंडर-17 टीम के साथ भाग लेगा जिसमें 2009 या उसके बाद जन्मी खिलाड़ी शामिल होंगी। इटली की पूर्व अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर कोंटी के पास उच्च स्तरीय खेल और अंतरराष्ट्रीय कोचिंग अनुभव का खजाना है। अपने शानदार करियर के दौरान उन्होंने इटली महिला राष्ट्रीय टीम के लिए 90 मैच खेले और 30 गोल किए। उन्होंने 2005 और 2009 यूएफा महिला यूरोपीय चैंपियनशिप सहित यूरोप के उच्चतम स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया।

# पहले भी सात बार टी20 विश्वकप में शामिल रही है स्कॉटलैंड

मुम्बई। आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बांग्लादेश के बाहर होने के बाद स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया है। स्कॉटलैंड को ग्रुप-सी में बांग्लादेश की जगह पर रखा गया है। ये पहली बार नहीं है जब स्कॉटलैंड को विश्वकप में जगह मिली है। स्कॉटलैंड को ग्रुप-सी में रखा गया है जिसमें पहले बांग्लादेश था। स्कॉटलैंड को अपने पहले तीन ग्रुप मैच कोलकाता में खेलने हैं। वहीं पहला मैच 7 फरवरी को वेस्टइंडीज जबकि दूसरा मैच 9 को इटली से खेलना है। वहीं तीसरा मैच 14 फरवरी को इंग्लैंड से होगा। स्कॉटलैंड सातवीं बार टी20 विश्व कप में भाग लेने जा रही है। इससे पहले साल 2007, 2009, 2016, 2021, 2022 और 2024 में टीम ने टी20 विश्वकप खेला था। साल 2021 में स्कॉटलैंड की टीम सुपर-12 स्तर तक भी पहुंची थी। साल 2021 में टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड ने उलटफेर करते हुए बांग्लादेश को 6 रनों से हराया था। वहीं साल 2022 के टूर्नामेंट में उसने दो बार की विजेता रही वेस्टइंडीज को 42 रनों से हराया था। स्कॉटलैंड ने अब तक 109 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। जिसमें से उसने 49 जीते हैं जबकि 55 में उसे हार मिली है। 4 मैचों का परिणाम नहीं निकला। वहीं एक मैच टाई रहा है। उसका सबसे अधिक स्कारे 252 रन रहा है जो उसने डच टीम के खिलाफ बनाया था।

# आईसीसी पर फूटा शाहिद अफरीदी का गुस्सा, बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर करने पर लगाए गंभीर आरोप

**मेलबर्न (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के बांग्लादेश को टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर करने के बाद पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने आईसीसी पर गुस्सा निकालते हुए उस पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया।

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) के निर्देशों के बाद अनुभवी बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दिया। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में टी20 विश्व कप मुकाबले खेलने से इनकार कर दिया। लम्बी बातचीत के बाद भी जब बांग्लादेश अपनी बात पर अड़ा रहा तो आईसीसी ने बड़ा फैसला लेते हुए स्कॉटलैंड को रिप्लेसमेंट टीम घोषित कर दिया।

अफरीदी ने अपने X अकाउंट पर शेयर किए गए पोस्ट में लिखा कि जब भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार किया, तब ICC ने भारत की सुरक्षा चिंताओं को मानते हुए उसे दुबई में मैच खेलने की अनुमति दी, लेकिन वही समझदारी बांग्लादेश के मामले में नहीं दिखाई गई। शाहिद आफरीदी ने कहा कि नियम सभी देशों के लिए एक जैसे होने चाहिए और बांग्लादेश के खिलाड़ियों व उनके करोड़ों फैन्स के साथ ऐसा व्यवहार गलत है। आफरीदी ने लिखा, 'निरंतरता और निष्पक्षता वैश्विक क्रिकेट प्रशासन की बुनियाद हैं। बांग्लादेश के खिलाड़ी और वहां के करोड़ों क्रिकेट प्रशंसक सम्मान के हकदार हैं, न कि दोहरे मापदंडों के। ICC को पुल बनाने चाहिए, दीवारें नहीं।'

गौर हो कि ICC ने बांग्लादेश की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से लिया था और आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा विशेषज्ञों से रिपोर्ट मंगवाई। इन रिपोर्ट्स की समीक्षा में पाया गया कि भारत में बांग्लादेशी टीम, अधिकारियों या फैन्स को कोई वास्तविक सुरक्षा खतरा नहीं है जिसके बाद ICC ने वेन्यू में बदलाव नहीं किया। बांग्लादेश के बाहर होते ही क्रिकेट स्कॉटलैंड ने आईसीसी का न्योता स्वीकार कर लिया और कहा कि वे इस मौके के लिए आईसीसी के आभारी हैं और टीम तुरंत भारत आने की तैयारी कर रही है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।



# शीतकालीन ओलंपिक के लिए दो खिलाड़ियों के चयन पर रोक, 27 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली। शीतकालीन ओलंपिक के लिए दो खिलाड़ियों के चयन का मामला अदालत पहुंच गया है। दिल्ली हाईकोट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इटली के मिलान और कोर्टिना में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों के लिए दो खिलाड़ियों के चयन पर रोक लगा दी है। अदालत के फैसले के बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की तदर्थ समिति ने चयन रोक दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने चयन प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए अंतिम निर्णय को लंबित कर दिया है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर याचिका में क्रॉस-कंट्री स्कीयर मंजीत ने 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए क्रॉस-कंट्री स्कीइंग स्पर्धा में स्टांजिन लुंडुप का नाम भेजे जाने के आईओए के फैसले को चुनौती दी थी। मंजीत का तर्क था कि अंतरराष्ट्रीय स्की और स्नोबोर्ड महासंघ (एफआईएस) की रैंकिंग में ऊपर होने के बावजूद उन्हें नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने याचिका में चयन प्रक्रिया में गलतियों के साथ ही हितों के टकराव का मामला भी बताया। यह चयन आईओए द्वारा स्की एंड स्नोबोर्ड इंडिया के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति ने किया था। भारतीय ओलंपिक संघ ने छह से 22 फरवरी के बीच होने वाले 2026 शीतकालीन ओलंपिक खेलों के लिए दो कोटे हासिल किए हैं। इनमें से पहला कोटा अल्पाइन स्कीयर आरिफ खान ने अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर हासिल किया था।

# रेनो डस्टर की वापसी से मिड-साइज एसयूवी बाजार में बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

**- एसयूवी बाजार में तेजी से बढ़ रही लोकप्रियता**




**नई दिल्ली ।**

भारतीय मिड-साइज एसयूवी बाजार पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। हुंडई क्रेटा और किआ सेल्टोस इस खंड के लगभग आधे हिस्सेदार हैं, जबकि मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा, टोयोटा हाइराइडर, स्कोडा कुशाक और फॉक्सवैगन टाइगुन जैसे मॉडल भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हैं। शहरी और छोटे शहरों में एसयूवी जीवनशैली का हिस्सा बन गई हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में खरीदार मजबूत और भरोसेमंद वाहन पसंद करते हैं। रेनो डस्टर को दशक पहले भारतीय एसयूवी बाजार में लाने वाला मॉडल माना जाता है। इसकी खासियत रही है मजबूत सस्पेंशन, खराब सड़कों पर स्थिरता और राजमार्गों पर भरोसेमंद ड्राइविंग। हालांकि समय के साथ प्रतिस्पर्धा में पीछे रहने के कारण इसे बंद करना पड़ा। रेनो इंडिया अब डस्टर को नए फीचर्स और आधुनिक डिजाइन के साथ पुनः पेश करने जा रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नई डस्टर रोमांच, भरोसे और नवाचार की पहचान रहेगी। इसमें उन्नत तकनीक, बेहतर प्रदर्शन और संतुलित फीचर पैकेज की उम्मीद है।

विशेषज्ञों के मुताबिक आज के खरीदार कनेक्टिविटी, टचस्क्रीन, सुरक्षा और प्रीमियम फीचर्स पर ध्यान देते हैं। मार्केट में मारुति और टोयोटा अधिक माइलेज और हाइब्रिड तकनीक के साथ आगे हैं, जबकि हुंडई और किआ प्रीमियम लुक और फीचर्स में बढ़त रखते हैं। डस्टर की ताकत ग्रामीण और खराब सड़क वाले इलाकों में भरोसेमंद ड्राइविंग होना है।

## एमएमटीसी-पीएएमपी चांदी पुनर्चक्रण करेगी, दिल्ली में शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट

**- चांदी की बढ़ती वैश्विक मांग से आपूर्ति पक्ष में गंभीर बाधाओं का बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली ।** कीमती धातुओं के शोधन में अग्रणी कंपनी एमएमटीसी-पीएएमपी अगले तीन से चार महीनों में पायलट आधार पर चांदी पुनर्चक्रण शुरू करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चांदी की बढ़ती वैश्विक मांग के कारण आपूर्ति पक्ष में गंभीर बाधाओं का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जबकि मांग लगातार बढ़ रही है, वैश्विक खान उत्पादन क्षमता में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि दिखाई नहीं दे रही है। अधिकारी के अनुसार अब चांदी पुनर्चक्रण का अर्थशास्त्र अनुकूल है और यह कमी को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। एमएमटीसी-पीएएमपी पहले से ही सोना पुनर्चक्रण के लिए 20 स्टोर संचालित कर रही है, जिन्हें चांदी संभालने के लिए तैयार किया जा सकता है। कंपनी ने अगले पांच वर्षों में अपने स्टोरों की संख्या दोगुनी करने की योजना बनाई है। कंपनी अपने मौजूदा स्टोरों में कुछ उपकरणों को उन्नत करेगी और कर्मचारियों को चांदी पुनर्चक्रण के लिए प्रशिक्षित करेगी। गुहा ने बताया कि पहले यह प्रायोगिक परियोजना दिल्ली में शुरू होगी और सफलता मिलने पर इसे अन्य स्टोरों में भी लागू किया जाएगा। अधिकारी ने सरकार से चांदी पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय परिवारों के पास अनुमानित 25,000 टन सोना और उससे दस गुना मात्रा में चांदी मौजूद है, जिसे पुनर्चक्रण के जरिए आपूर्ति की कमी को पूरा किया जा सकता है।

## इंडिगो ने 717 घरेलू स्लॉट्स छोड़े, डीजीसीए के आदेश के बाद उड़ानों में की कटौती




**364 स्लॉट्स दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में छोड़े गए**

**नई दिल्ली।**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने जनवरी से मार्च 2026 के लिए कुल 717 घरेलू स्लॉट्स खाली किए हैं। जनवरी और मार्च में 361-361 स्लॉट्स छोड़े गए जबकि फरवरी में केवल 43 स्लॉट्स खाली किए गए। स्लॉट्स का मतलब एयरलाइन को टेकऑफ और लैंडिंग के लिए दिया गया तय समय होता है। दिसंबर 2025 में इंडिगो की उड़ानों में भारी अव्यवस्था हुई थी। 3 से 5 दिसंबर के बीच 2507 उड़ानें रद्द और 1852 उड़ानें देरी से चलीं, जिससे तीन लाख से ज्यादा यात्री प्रभावित हुए। इसके बाद डीजीसीए ने इंडिगो के विंटर शेड्यूल में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश दिया। खाली किए गए 717 स्लॉट्स में से 364 स्लॉट्स छह प्रमुख मेट्रो एयरपोर्ट्स–दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद से हैं। सबसे ज्यादा स्लॉट्स बेंगलुरु और हैदराबाद एयरपोर्ट्स से छोड़े गए। इंडिगो ने स्लॉट्स की सूची नागरिक उड्डयन मंत्रालय को सौंप दी है। मंत्रालय ने अन्य एयरलाइंस से आवेदन मांगे हैं, ताकि ये स्लॉट्स खाली न रहें। हालांकि, ये स्लॉट्स सिर्फ मार्च 2026 तक उपलब्ध हैं। डीजीसीए ने इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया और सीईओ व दो वरिष्ठ अधिकारियों को चेतावनी दी।

एयरलाइन को 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जमा करनी होगी। अव्यवस्था का कारण फ्लाइट क्रू की कमी, सिस्टम खामियां और ऑपरेशनल कंट्रोल में कमजोरियां बताई गई हैं। विंटर शेड्यूल में इंडिगो को प्रति दिन 2144 उड़ानों की अनुमति थी, 10 प्रतिशत कटौती के बाद यह घटकर लगभग 1930 हो गई। समर शेड्यूल में रोजाना औसतन 2022 उड़ानें संचालित होती थीं।

## रूसी तेल खरीद पर भारत को मिल सकती है राहत



**25 फीसदी अमेरिकी टैरिफ हटाने पर विचार**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने संकेत दिए हैं कि भारत पर रूसी तेल की खरीद को लेकर लगाया गया 25 फीसदी टैरिफ हटाने का रास्ता निकल सकता है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी क्रूड ऑयल की खरीद में उल्लेखनीय कमी की है, जिससे अब इन टैरिफ को हटाने पर विचार किया जा सकता है।

बेसेंट ने इसे ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति की सफलता बताया। उनके अनुसार कि हमने भारत पर रूसी तेल खरीदने के कारण 25 फीसदी टैरिफ लगाया था और अब भारतीय रिफाइनरियों की रूसी तेल की खरीद लगभग समाप्त हो गई है। यह एक बड़ी कामयाबी है।÷ हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल टैरिफ लागू हैं, लेकिन भविष्य में इन्हें हटाने पर विचार संभव है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत के कुल तेल आयात में रूसी क्रूड की हिस्सेदारी केवल 2 से 3 फीसदी थी। युद्ध के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते रूसी तेल सस्ते दामों पर उपलब्ध हुआ। इसका फायदा उठाते हुए भारत ने रूसी तेल की खरीद बढ़ाई, जो बढ़कर 15 से 19 फीसदी तक पहुंच गई। इससे भारतीय रिफाइनरियों को अच्छा मुनाफा भी हुआ। अमेरिका ने भारत को रूसी तेल से दूर करने के उद्देश्य से 25 फीसदी टैरिफ लगाया। बेसेंट के अनुसार इसके बाद भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी सप्लाई कम कर पश्चिमी एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से तेल आयात बढ़ाया। बेसेंट ने यूरोपीय देशों की आलोचना करते हुए कहा कि वे एक ओर रूस के खिलाफ बयान देते हैं, जबकि दूसरी ओर भारत से रिफाइंड प्रोडक्ट खरीदते हैं, जो रूसी क्रूड से बने होते हैं। उनके मुताबिक, इससे यूरोप अनजाने में रूस के युद्ध को फंडिंग कर रहा है।

# भारत ऊर्जा सप्ताह 27 से, कई बड़े ऊर्जा समझौते होने की संभावना

**भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आपूर्ति विविधीकरण होंगे मजबूत**

**नई दिल्ली ।** 27 जनवरी से शुरू हो रहे भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) 2026 में कई बड़े ऊर्जा समझौते होने की संभावना है, जो भारत के ऊर्जा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आपूर्ति विविधीकरण को मजबूत करेंगे। बीपीसीएल और पेट्रोब्रास के बीच 78 करोड़ डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। इसके तहत 1.2 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदा जाएगा, जो पिछले वर्ष के अनुबंध की दोगुनी मात्रा है। यह कदम भारत के कच्चे तेल की खरीद में विविधता लाने और आपूर्ति पर निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और यह रणनीति उसे बाजार में स्थिरता सुनिश्चित करने में मदद करेगी। ओएनजीसी और जापानी साझेदार `` मित्सु ओएसके लाइंस दक्षिण कोरिया की सेमसंग हेवी इंडस्ट्रीज के साथ दो बड़े एथेन वाहक जहाजों के निर्माण पर समझौता करेंगे। ये जहाज गुजरात के दहेज में ओएनजीसी की पेट्रोकेमिकल यूनिट ओपीएएल के लिए अमेरिका से एथेन लाने में इस्तेमाल होंगे। इस साझेदारी के तहत जहाजों का संयुक्त निर्माण, स्वामित्व और संचालन किया जाएगा। आईईडब्ल्यू में हस्ताक्षरित होने वाले अन्य समझौतों में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) द्वारा फ्रांस की टोटलएनर्जीज के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर करना शामिल है।

## महिंद्रा एसएमएल में अधिग्रहण के बाद पंजाब में बड़ा निवेश करेगी

**चंडीगढ़ ।** कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि महिंद्रा एंड महिंद्रा भारत के अग्रणी बहुराष्ट्रीय समूहों में से एक है, जिसने ऑटोमोबाइल, कृषि उपकरण, वित्तीय सेवाओं और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। समूह वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी औद्योगिक प्लेटफ़ॉर्म विकसित करने का अनुभव रखता है और भारत के प्रमुख मोबिलिटी समाधान निर्माताओं में शामिल है। मंत्री ने कहा कि महिंद्रा ने जापान की सुमितोमो कॉर्पोरेशन और इसुजु मोटर्स से शेयर खरीदकर एसएमएल इसुजु लिमिटेड में लगभग 555 करोड़ रुपए में 58.96 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की। अगस्त 2025 में लेन-देन पूरा होने के बाद बोर्ड का पुनर्गठन हुआ और कंपनी का नाम बदलकर एसएमएल महिंद्रा लिमिटेड रखा गया। एसएमएल महिंद्रा लाइट और मीडियम कमर्शियल वाहनों के प्रमुख निर्माता हैं। शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) में कंपनी ने लगभग 500 करोड़ रुपए का निवेश कर पूर्णत~ एकीकृत विनिर्माण सुविधा स्थापित की है। इसमें वाहन असेंबली, बॉडी और पेंट शॉप, प्रेस और मशीन शॉप, स्त्रत्र्क्क और बस बॉडी प्लांट शामिल हैं।



## साइबर संकट: 14.9 करोड़ यूजरनेम और पासवर्ड लीक

**जीमेल, याहू, फेसबुक, इंस्टाग्राम और नेटफ्लिक्स भी प्रभावित**

**नई दिल्ली ।** जीमेल, इंस्टाग्राम, फेसबुक और नेटफ्लिक्स जैसी दिग्गज इंटरनेट कंपनियों के 14.9 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के लॉगिन क्रेडेंशियल (यूजरनेम और पासवर्ड) कथित तौर पर लीक हो गए हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक रूप से उजागर हुए इस डेटा में जीमेल के 4.8 करोड़, याहू के 40 लाख, फेसबुक के 1.7 करोड़, इंस्टाग्राम के 65 लाख और नेटफ्लिक्स के 34 लाख खाते शामिल हैं। इसके अलावा आउटलुक के भी 15 लाख खातों की जानकारी लीक होने की बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध यह डेटाबेस पासवर्ड से सुरक्षित या एन्क्रिप्टेड नहीं था। इसमें कुल 14.94 करोड़ विशिष्ट लॉगिन और पासवर्ड मौजूद थे, जिनका कुल आकार 96 जीबी है। नमूनों की जांच में हजारों ऐसी फाइलें मिलीं जिनमें ईमेल, यूजरनेम, पासवर्ड और संबंधित अकाउंट्स के लॉगिन यूआरएल लिंक शामिल थे। इस रिपोर्ट में नामित प्रमुख कंपनियों को भेजे गए ईमेल का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है। साइबर सुरक्षा शोधकर्ता के दावों के अनुसार, समीक्षा किए गए रिकॉर्ड्स के सीमित नमूनों में वित्तीय सेवा खातों, क्रिप्टो वॉलेट या ट्रेडिंग खातों के साथ-साथ बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड लॉगिन की जानकारी भी पाई गई। साइबर शोधकर्ता ने एक गंभीर चिंता यह जताई कि लीक हुए डेटा में दुनिया के कई देशों के 'डॉट जीओवी' डोमेन (सरकारी ईमेल) से जुड़े क्रेडेंशियल भी शामिल हैं।

## विझिंजम पोर्ट में 30 हजार करोड़ का निवेश करेगी एपीएसईजेड

**तिरुवनंतपुरम।** अदाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने घोषणा की कि कंपनी विझिंजम समुद्री बंदरगाह के विकास में कुल 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी इस बंदरगाह का प्रबंधन संभालती है। उन्होंने कहा कि परियोजना के दूसरे चरण के तहत 16,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश शामिल है, जिससे कुल निवेश प्रतिबद्धता 30,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। इस विस्तार से बंदरगाह की क्षमता वर्तमान 10 लाख टीईयू से बढ़कर 2029 तक 57 लाख टीईयू हो जाएगी। करण अदाणी ने बताया कि यह केरल राज्य में किसी भी निजी व्यावसायिक घराने द्वारा किया गया सबसे बड़ा निवेश है। विझिंजम भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे बड़े माल स्थानांतरण बंदरगाह के रूप में उभरेगा और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सबसे बड़ा ही नहीं, बल्कि भारत का सबसे तकनीकी रूप से उन्नत बंदरगाह होगा और भविष्य में भारतीय बंदरगाहों के संचालन का पथ–प्रदर्शक मॉडल बनेगा।

## टाटा टेक्नोलॉजीज को अगले वित्त वर्ष में दोहरे अंकों की वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली । टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने कहा है कि वैश्विक भू–राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनी अगले वित्त वर्ष में मजबूत वृद्धि की ओर बढ़ रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय वाहन निर्माताओं के निवेश निर्णय कंपनी के लिए लाभदायक होंगे। उन्होंने कहा कि जर्मनी स्थित ईएस–टेक समूह का अधिग्रहण टाटा टेक्नोलॉजीज के समग्र विकास पथ में योगदान देगा। उन्होंने बताया कि पिछले 18 से 24 महीनों की अनिश्चितता के कारण ग्राहक निवेश निर्णयों में धीमे थे, लेकिन अब स्थिति स्थिर होती दिख रही है। हैरिस ने उम्मीद जताई कि तीसरी तिमाही से चौथी तिमाही तक दोहरे अंकों की वृद्धि देखने को मिलेगी, और वित्त वर्ष 2025–26 में यह वृद्धि और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि चाहे वैश्विक माहौल चुनौतीपूर्ण हो, ग्राहक निवेश के फैसले कंपनी के विकास को प्रेरित कर रहे हैं।

## शीर्ष नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.51 लाख करोड़ घटा

**- रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही**



**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख के कारण बीते सप्ताह प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में नौ का कुल बाजार मूल्यांकन 2.51 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान बाजारों में भारी बिकवाली देखी गई और मंदड़िए पूरी तरह हावी रहे। कमजोर वैश्विक संकेतों, निरंतर एफआईआई की निकासी, रुपये के गिरते मूल्य और सामान्य कॉरपोरेट नतीजों ने पूरे सप्ताह दबाव बनाए रखा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल सहित शीर्ष 10 में नौ सबसे मूल्यवान कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 2,51,711.6 करोड़ रुपये घट गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 96,960.17 करोड़ रुपये घटकर 18,75,533.04 करोड़ रुपये रह गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 48,644.99 करोड़ रुपये घटकर 9,60,825.29 करोड़ रुपये था। इस दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 12,311.86 करोड़ रुपये बढ़कर 5,66,733.16 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लार्सन एंड टुब्रो का स्थान रहा।

# इस सप्ताह तिमाही नतीजे, फेड निर्णय और बजट से तय होगी बाजार की चाल

**निवेशक वैश्विक शेयर बाजारों के रुझान और कच्चे तेल की चाल पर भी नजर रखेंगे**




**नई दिल्ली ।**

इस सप्ताह में कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर पर फैसले और आगामी आम बजट 2026-27 से शेयर बाजार का रुख तय होगा। गणतंत्र दिवस के कारण सोमवार को शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधि, रुपया-डॉलर का रुख और वैश्विक व्यापार से संबंधित घटनाक्रम भी बाजार में कारोबार को प्रभावित करेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। बजट पेश होने के दिन रविवार है, लेकिन इस दिन शेयर बाजार एनएसई और बीएसई खुले रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह महत्वपूर्ण घरेलू और वैश्विक कारकों से भरा हुआ है। घरेलू मोर्चे पर बाजार औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों, आम बजट से जुड़े राजकोषीय संकेतकों और साप्ताहिक विदेशी मुद्रा भंडार पर नजर रखेंगे। कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी नजर रहेगी, जिसमें एक्सिस बैंक, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, आईटीसी, एनटीपीसी और बजाज ऑटो जैसी दिग्गज कंपनियों के नतीजे आएंगे। वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिका के प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर निर्णय और वैश्विक व्यापार नीतियों में हो रहे घटनाक्रमों पर रहेगा। बाजार के जानकारों के मुताबिक एफपीआई ने 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में अपनी बिकवाली न केवल जारी रखी, बल्कि इसकी तीव्रता भी बढ़ा दी। रुपये के निरंतर अवमूल्यन, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अनिश्चितता और अब तक के सामान्य तिमाही नतीजों के कारण बाजार की धारणा बहुत कमजोर रही है। निवेशक वैश्विक शेयर बाजारों के रुझान और कच्चे तेल की चाल पर भी नजर रखेंगे। सोमवार की छुट्टी के बाद मंगलवार से कारोबार शुरू होगा, जिसे 27 जनवरी को होने वाले भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से सकारात्मक बढ़त मिल सकती है। हालांकि, ईरान और ग्रीनलैंड से जुड़ी भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं बड़ी बाधा बनी हुई हैं। निवेशकों को उम्मीद है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.2-4.3 प्रतिशत के आसपास रहेगा और बुनियादी ढांचे, रक्षा तथा रेलवे पर पूंजीगत व्यय पर जोर जारी रहेगा।

# थोक बाजार में चावल और दालों में तेजी, गेहूं और आटे में नरमी

**- चना, उड़द, तुअर और मसूर दालों के थोक भाव में सप्ताह के दौरान बढ़त रही**

**नई दिल्ली।**

घरेलू थोक अनाज और खाद्य पदार्थ बाजारों में इस सप्ताह मिली-जुली टिप्पणियां रही, जिसमें कुछ वस्तुओं के भाव बढ़े तो कुछ में नरमी और उतार-चढ़ाव देखने को मिला। चावल की औसत थोक कीमत में साप्ताहिक तेजी रही और यह वृद्धि के साथ लगभग 3,818 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई है, जो पिछले सप्ताह के मुकाबले करीब 23 रुपए की बढ़ोतरी दर्शाता है। वहीं गेहूं में नरमी बनी रही और इसका औसत भाव घटकर 2,839 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गया, जबकि आटे के भाव में भी लगभग 12 रुपए की गिरावट दर्ज की गई है। दालों के बाजार में भी मिश्रित रुझान देखने को मिला है। कुछ प्रमुख दालों जैसे चना, उड़द, तुअर और मसूर दालों के थोक भाव में सप्ताह के दौरान बढ़त रही, जो घरेलू मांग एवं आपूर्ति की स्थितियों का संकेत है। वहीं, कुछ मंडियों से दालों के भाव अस्थिर रहने की रिपोर्ट भी सामने आई है, जिससे कुल मिलाकर दालों के औसत थोक भाव में हल्की बढ़ोतरी का रुख देखा गया। चीनी के बाजार में भी नरमी बनी रही, कुछ हद तक पिछले सप्ताह की तुलना में कीमतें सॉफ्ट रुख पर रही। खाद्य तेलों में विशेष रूप से सरसों, पाम और सूरजमुखी तेल जैसे इनपुट वस्तुओं के भाव में सप्ताह के दौरान उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जिससे बाजार में अस्थिरता का संकेत मिल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार इन रुझानों के पीछे वैश्विक वस्तु बाजारों की कीमतों के दबाव, मौसमी मांग-आपूर्ति में बदलाव और सरकार की भंडार, नियमन नीतियां प्रमुख कारण हैं। सरकार के पास चावल और गेहूं का भंडार स्थिर रूप से पर्याप्त बताया जा रहा है, जिससे किसी भी बड़े आपूर्ति संकट की संभावना न्यून बनी हुई है।



## जनवरी के आखिरी हफ्ते में 26 कंपनियां बाटेंगी डिविडेंड

**नई दिल्ली ।**

जनवरी का आखिरी हफ्ता शेयर बाजार के उन निवेशकों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है, जो शेयरों में सिर्फ तेजी ही नहीं, बल्कि डिविडेंड से मिलने वाली नियमित आय को भी प्राथमिकता देते हैं। इस दौरान अलग-अलग सेक्टर की कुल 26 कंपनियां अपने शेयरहोल्डर्स को अंतरिम और फाइनल डिविडेंड देने जा रही हैं, जिससे बाजार में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ने की उम्मीद है। डिविडेंड देने वाली कंपनियों की सूची में आईटी, एनर्जी, ऑटो, एफएमसीजी और इंजीनियरिंग जैसे प्रमुख सेक्टर शामिल हैं। इससे यह साफ संकेत मिलता है कि बाजार के विभिन्न हिस्सों में कंपनियां अपने मुनाफे का हिस्सा निवेशकों के साथ साझा करने को तैयार हैं। कुछ कंपनियों का डिविडेंड भले ही सीमित हो, लेकिन कई स्टॉक्स निवेशकों को अच्छी अतिरिक्त कमाई का मौका दे सकते हैं। इन सभी कंपनियों के शेयर 27 जनवरी से 30 जनवरी 2026 के बीच एक्स-डिविडेंड होंगे। इसका मतलब है कि रिकॉर्ड डेट से पहले जिन निवेशकों के पास इन कंपनियों के शेयर होंगे, वही डिविडेंड पाने के पात्र होंगे। कुल मिलाकर, सही समय पर सही शेयर चुनने वाले निवेशकों के लिए जनवरी का आखिरी हफ्ता फायदेमंद साबित हो सकता है।



# 'तस्करी' की ग्लोबल सफलता पर इमरान हाशमी ने जताई खुशी

इमरान हाशमी की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' को काफी पसंद किया जा रहा है। यही नहीं तस्करीः द स्मगलर्स वेब रिलीज के पहले ही सप्ताह में नेटफ्लिक्स की ग्लोबल टॉप 10 नॉन-इंग्लिश टीवी लिस्ट में नंबर 1 पर पहुंच गई है। पहले नंबर पर पहुंचने वाली 'तस्करीः स्मगलर्स वेब' पहली भारतीय सीरीज भी बन गई है। अब शो की इस सफलता और उपलब्धि पर इमरान हाशमी ने खुशी जताई है।


तस्करीः द स्मगलर्स वेब की सफलता के बाद इमरान हाशमी ने प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए इमरान ने कहा, 'आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। तस्करी नेटफ्लिक्स की वैश्विक गैर-अंग्रेजी टॉप 10 सूची में नंबर एक स्थान पर पहुंचने वाली पहली भारतीय सीरीज बन गई है। ये आप लोगों के प्यार की वजह से हुआ है। मैं आप सभी के कमेंट्स और मैसेज पढ़ रहा हूं। आपके समर्थन और प्यार के लिए धन्यवाद। इससे यह साबित होता है कि ईमानदारी पर आधारित कहानियां बहुत दूर तक पहुंचती हैं। हम सभी बहुत आभारी हैं।' अपने कैप्शन में भी इमरान ने लोगों का आभार जताया है।

## नीरज पांडे ने भी जताई खुशी

इमरान के अलावा सीरीज के निर्माता-निर्देशक नीरज पांडे ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। नीरज ने कहा कि तस्करी का यहां तक पहुंचना न केवल शो के लिए बल्कि भारतीय कहानी कहने की कला के लिए भी एक महत्वपूर्ण पल है। यह दिखाता है कि हमारी सच्चाइयों में मौजूद और कम खोजे गए स्थानों पर आधारित अनूठी कहानियां, स्पष्टता और उद्देश्य के साथ बताए जाने पर भारत से बहुत दूर तक प्रभाव डाल सकती हैं।

## स्मगलिंग और कस्टम ऑफिसर के बीच के खेल को दिखाती है सीरीज

नीरज पांडे द्वारा निर्मित और राघव जयराथ द्वारा सह-निर्देशित तस्करीः द स्मगलर्स वेब में इमरान हाशमी, जोया अफरोज, अमृता खानविलकर, शरद केलकर, नंदीश सिंह संधू और अनुराग सिन्हा मुख्य भूमिका में हैं। शो एयरपोर्ट कस्टम्स की जोखिम भरी दुनिया को दिखाता है। सीरीज में इमरान हाशमी ने कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है।



# धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ 20 साल के उम्र के अंतर पर सारा अर्जुन ने चुप्पी तोड़ी

फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह और सारा अर्जुन को मुख्य जोड़ी के रूप में दिखाया गया। इस पर दोनों की उम्र को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बातें हुईं। ज्यादातर लोगों ने दोनों के बीच 20 साल के उम्र के फर्क पर चर्चा की। अब सारा ने इस पूरे मामले पर अपनी बात रखी है।

उम्र को लेकर सारा की दो-टूक

धुरंधर एक्ट्रेस सारा अर्जुन ने एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में कहा, हर किसी को अपनी राय रखने का पूरा हक है और वह सबके अलग-अलग विचारों का सम्मान करती हैं। सारा ने यह भी बताया कि उन्हें फिल्म की कहानी के बारे में पहले से पता था। उनके हिसाब से कहानी में यह उम्र का फर्क बिल्कुल ठीक और जायज था।


## सारा ने क्यों सोशल मीडिया से बनाई थी दूरी?

धुरंधर रिलीज से पहले ही सारा ने सोशल मीडिया से दूरी बना ली थी। इसलिए उन तक ऑनलाइन चल रही बहसें और कमेंट्स कभी पहुंचे ही नहीं। सारा ने कहा, सोशल मीडिया पर बहुत शोर होता है, है ना? मैं उसमें ज्यादा एक्टिव नहीं रहती। हर किसी की अपनी राय होती है। मैं जीयो और जीने दो वाली सोच में विश्वास करती हूं। मुझे कहानी पता थी और मुझे लगता था कि यह सही है, बस इतना ही।

## सारा ने की रणवीर की तारीफ

सारा ने रणवीर की बहुत तारीफ की और कहा कि उनसे बेहतर को-स्टार उन्हें भविष्य में भी नहीं मिल सकता। रणवीर सिंह ने बहुत ऊंचा स्टैंडर्ड सेट कर दिया है। सारा ने कहा, रणवीर काम में पूरी तरह डूब जाते हैं। लेकिन साथ ही पूरे सेट का भी ख्याल रखते हैं। वे फिल्म को टीम वर्क मानते हैं। सेट पर जो भी काम हो रहा होता है- चाहे डिजाइन हो या कुछ और वे सबमें बराबर शामिल रहते हैं। यही चीजें बहुत मायने रखती हैं। वे सबको साथ लेकर चलते हैं।

## धुरंधर के बारे में सबकुछ





फिल्म धुरंधर पिछले साल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसे जबरदस्त सफलता मिली। यह 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी और दुनिया भर में इस फिल्म ने करोड़ों रुपये कमाए। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस एक्शन स्पाई थ्रिलर फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह ने एक भारतीय जासूस का रोल अदा किया है। इस फिल्म में रणवीर और सारा के अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर माधवन जैसे कलाकार भी हैं। इसका दूसरा पार्ट मार्च 2026 में आने वाला है।



# 'माफिया क्वीन्स ऑफ मुंबई' किताब पर आधारित है विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो'

**विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज से पहले ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। आज फिल्म का मच अवेटेड ट्रेलर रिलीज किया गया। ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। ट्रेलर लॉन्च के दौरान विशाल भारद्वाज ने फिल्म को लेकर मचे विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी। साथ ही फिल्म के मुंबई के गैंगस्टर हुसैन उस्तरा पर आधारित होने की चर्चाओं और गैंगस्टर के परिवार से परमिशन लेने के मामले पर भी विशाल भारद्वाज ने प्रतिक्रिया दी।**




ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान निर्देशक विशाल भारद्वाज ने ये साफ किया 'ओ रोमियो' जैदी हुसैन की किताब 'माफिया क्वीन्स ऑफ मुंबई' पर आधारित है। उन्होंने कहा कि मैंने उस कहानी के राइट्स लिए और उन्हीं अधिकारों के आधार पर उस पर फिल्म बनाई है। पूरी फिल्म के किरदार वो ही हैं और कहानी वही है, लेकिन हमने इसमें क्रिएटिव लिबर्टी भी ली है। इसलिए कुछ फिक्शनल चीजें भी डाली हैं।

## मैंने अनुमति नहीं ली, क्योंकि कहानी किताब का हिस्सा है

मुंबई के दिवंगत गैंगस्टर हुसैन शेख उर्फ हुसैन उस्तारा के परिवार से इजाजत लेने के सवाल पर विशाल भारद्वाज ने कहा कि मैंने अनुमति लेने के बारे में सोचा ही नहीं, क्योंकि कहानी वहीं से ली गई है और किरदार भी उसी पर आधारित हैं। हालांकि, इसमें काफी काल्पनिक बातें भी हैं। अनुमति की बात करें तो हुसैन जैदी ने शायद अनुमति ली होगी या उन्हें लेनी चाहिए थी। मुझे लगा कि मुझे किसी अनुमति की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह एक ऐसी कहानी पर आधारित है जो एक किताब का हिस्सा है। 'ओ रोमियो' के टीजर में फिल्म को सच्ची घटनाओं से प्रेरित बताया गया था। इसके बाद ही फिल्म के मुंबई के गैंगस्टर हुसैन शेख उर्फ हुसैन उस्तारा के जीवन पर आधारित होने की बात कही जाने लगी।

# रानी मुखर्जी का खुलासा; बताया कैसे हुई फिल्मों में एंट्री




अभिनेत्री रानी मुखर्जी इस साल इंडस्ट्री में अपने 30 साल पूरे कर रही हैं। साथ ही अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म 'मर्दानी 3' के प्रमोशन में भी व्यस्त हैं। इस बीच रानी ने याद किया कि कैसे उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता काफी कम उम्र में ही उनकी शादी करना चाहते थे।

**घरवालों को नहीं थी रानी से काम की उम्मीद**

इंडस्ट्री में 30 साल पूरे होने के मौके पर रानी मुखर्जी ने यशराज स्टूडियो में अपने पुराने दोस्त और फिल्ममेकर करण जौहर के साथ बात की। इस दौरान करण ने रानी से जब उनके बचपन के बारे में पूछा, तो एक्ट्रेस ने बताया कि भले ही वह एक फिल्मी परिवार से आती हैं। उनके पिता राम मुखर्जी एक फिल्म निर्माता थे, लेकिन घर का खर्च बस किसी तरह चलता था। रानी ने आगे कहा कि उनके माता-पिता ने कभी नहीं सोचा था कि वह फिल्मों में काम करेंगी। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने मेरे लिए कभी कोई सपना भी देखा था। जब हम बड़े हो रहे थे, तब मेरे पिताजी ने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं काम करूंगी। इसे लड़कों की जिम्मेदारी माना जाता था। यह जिम्मेदारी वे मेरे भाई के ज़रिए निभाते थे। लेकिन मेरे मामले में यह बात बिल्कुल साफ थी। वे मुझे बहुत कम उम्र में शादी करवाना चाहते थे। रानी ने याद किया कि माता-पिता की तमाम योजनाओं के बावजूद उन्होंने बॉलीवुड में अपने पिता के मित्र सलीम अख्तर द्वारा निर्मित फिल्म राजा की आएगी बारात से डेब्यू किया। रानी ने कहा कि किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। राजा की आएगी बारात का प्रस्ताव मिलने पर मेरी मां ने मुझसे कहा, सलीम चाचा हमारे पारिवारिक मित्र हैं और उन्होंने तुम्हें एक फिल्म का प्रस्ताव दिया है। तुम इसे क्यों नहीं स्वीकार लेती? तब मुझे यह एहसास नहीं हुआ था कि शायद मेरी मां मेरे घर की आर्थिक स्थिति सुधारने का रास्ता ढूंढ रही थीं। क्योंकि वे जानती थीं कि अगर मैं इस क्षेत्र में अच्छा करूंगी तो हमारे लिए अच्छा होगा। लेकिन उस समय मैंने इस नजरिए से नहीं सोचा था। अब इसका एहसास होता है।

फिल्मी परिवार से आती हैं रानी मुखर्जी

राम मुखर्जी एक प्रतिष्ठित फिल्मी परिवार से आती हैं। उनके पिता राम मुखर्जी पटकथा लेखक, निर्देशक और निर्माता थे।



# हमारी कहानियां छोटे शहरों तक सीमित रह गई हैं

आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर 43 दिनों में वर्ल्डवाइड 1275.25 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की है। इसके साथ ही यह बीते दिनों में सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली हिंदी भी फिल्म बन गई है। इस स्पाई एक्शन फिल्म को लेकर हर किसी की अपनी राय है। कुछ लोग इसके मनोरंजन पहलू की तारीफ करते हुए इसे भारतीय सिनेमा के लिए गेम-चेंजर बता रहे हैं, वहीं कुछ इसके राजनीतिक नजरिए पर अलग सोच रखते हैं।

फिल्म में आर माधवन ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से प्रेरित भूमिका निभाई है। हमारे साथ खास बातचीत में माधवन ने फिल्म, अपने करियर और 55 साल की उम्र में नए तरह के रोल करने पर बात की। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि उन्हें यह अंदाजा पहले से था धुरंधर गेम चेंजर साबित होगी।

माधवन कहते हैं कि उन्हें धुरंधर की सुपर सक्सेस का अंदाजा था, लेकिन यह कभी नहीं सोचा था कि यह इतनी बड़ी बहस का विषय बनेगी। वह कहते हैं, 'जब मैंने कहानी सुनी, तभी समझ गया था कि यह फिल्म गेम-चेंजर साबित होगी। मुझे लगा था कि फिल्म के सामाजिक पहलुओं पर ज्यादा चर्चा होगी कि भारत आज किस दिशा में जा रहा है।'

हॉलीवुड से तुलना करते हुए आर माधवन आगे कहते हैं, 'अमेरिका अपनी फिल्मों के जरिए आपको यह यकीन दिला देता है कि दुनिया में कहीं भी कोई समस्या हो, उसका हल सिर्फ अमेरिकियों के पास है। फिल्मों में हमेशा वही ताकतवर दिखाए जाते हैं, वही सबसे समझदार होते हैं और हर संकट का जवाब उनके पास होता है। यही वजह है कि हॉलीवुड एक मजबूत सॉफ्ट पावर बन पाया।'

## धुरंधर दिखाती है कि भारतीय क्या कर सकते हैं

वह आगे कहते हैं, 'चाहे एलियन अटैक हो या कोई वैश्विक संकट, अमेरिकी फिल्मों में उनके लोगों को ताकतवर, बुद्धिमान और वैज्ञानिक रूप से उन्नत दिखाया जाता है। इसी कारण उनकी फिल्मों को दुनियाभर में जबरदस्त दर्शक मिलते हैं। भारत में भी ये सारी खूबियां हैं, लेकिन हमारी कहानियां ज्यादातर छोटे शहरों और सीमित सोच तक सिमट कर रह गई हैं। धुरंधर दिखाती है कि जब हालात बेहद मुश्किल हो जाते हैं, तब भारतीय क्या कर सकते हैं। इसमें सब कुछ असली लगता है।'

## देश से ऊपर कुछ नहीं

आर माधवन कहते हैं कि फिल्म की शुरुआत में ही यह बताया गया है कि यह असली घटनाओं से प्रेरित एक काल्पनिक कहानी है। वह कहते हैं, 'फिल्म में जो कुछ भी दिखाया गया है, वह हकीकत से जुड़ा हुआ है। हमारे देश पर हमले हुए हैं, बम धमाके हुए हैं, कंधार में विमान अपहरण हुआ और 26/11 जैसी घटना भी हुई। ऐसे में सवाल उठता है कि हमलावर कौन हैं? इस देश में ऐसे लोग हैं, जो बिना किसी पहचान के हमारी सुरक्षा कर रहे हैं। कहीं न कहीं कोई अपना काम सही तरीके से कर रहा है। अगर एक देश के तौर पर हम उन लोगों को पहचान नहीं देंगे, जो हमारी आजादी की रक्षा कर रहे हैं, चाहे वह प्रशासन हो या न्यायपालिका, तो हम बड़ी तस्वीर को नहीं समझ पाएंगे। हां, हमारी अपनी कमियां और समस्याएं हैं, लेकिन हम एक काम करने वाले लोकतंत्र हैं। मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन देश से ऊपर कुछ नहीं होता और हर बात राजनीति से जुड़ी हो, यह भी जरूरी नहीं है।'

## अब क्रिएटिव रूप से ज्यादा बेहतर

रहना है तेरे दिल में से लेकर शैतान और द रेलवे मैन तक, आर. माधवन ने कई अलग-अलग तरह के रोल अदा किए हैं। माधवन का मानना है कि अब 55 साल की उम्र में सोलो फिल्म उनके करियर को परिभाषित नहीं करती है। तो क्या अब वह क्रिएटिव रूप से ज्यादा बेहतर महसूस करते हैं? इसके जवाब में वह कहते हैं, हां, मैं नए-नए रोल इसलिए कर पा रहा हूं, क्योंकि मुझे आज भी लगता है कि मैंने अपनी पूरी क्षमता से काम करना अभी शुरू ही किया है। जिन किरदारों को मैं निभा सकता हूं, उनके सतही पहलुओं को भी अभी मैंने नहीं छुआ है। मेरी जो फिल्में आने वाली हैं, वे दिखाएंगी कि निर्देशकों और कहानीकारों को मुझ पर कितना भरोसा है।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in